

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। रविवार 28 सितंबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 279 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# आज एशिया कप के फाइनल में भारत-पाकिस्तान आमने-सामने



**नई दिल्ली।** विजयी रथ पर सवार भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को एशिया कप 2025 का फाइनल खेलने उतरेगी। दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर उनकी टक्कर चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से होगी। यह महामुकाबला रात 8 बजे से शुरू होगा, वहीं टॉस 7:30 बजे होगा। एशिया कप की शुरूआत 1984 से हुई थी। ऐसे में 41 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा होने जा रहा है जब भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा।

इतना ही नहीं भारतीय टीम 12वीं बार तो पाकिस्तान छठी बार एशिया कप का फाइनल खेलेगी। इस अहम मैच में भारतीय टीम की कोशिश खिताब का बचाव करने पर होगी। 2023 में जब यह टूनामेंट वनडे फॉर्मेट में खेला गया था तो फाइनल में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारत ने श्रीलंका को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी थी।

इस बार टूनामेंट टी20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है। यह तीसरा मौका है जब एशिया कप फटाफट फॉर्मेट में हो रहा है। इससे पहले 2016 के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को हराया था। वहीं 2022 के फाइनल में श्रीलंका ने पाकिस्तान को मात दी थी।

**भारत ने जीते 8 खिताब :** टीम इंडिया एशिया कप की सबसे सफल टीम है। भारत ने 11 बार फाइनल खेला है और 8 बार जीत हासिल की है। 3 बार श्रीलंका ने भारत को फाइलन में हराया है। मैन इन ब्लू आखिरी बार 2008 में एशिया कप का फाइलन हारी थी। एशिया कप में भारतीय टीम के रिकॉर्ड को देखते हुए 9वां खिताब ज्यादा दूर नजर नहीं आ रहा है।

एशिया कप 2025 में यह तीसरा मौका होगा जब भारत और पाकिस्तान की टक्कर होगी। दोनों ही टीमों को ग्रुप ए में रखा गया था। ग्रुप स्टेज में जब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली टीम ने सलमान आगा की कप्तानी वाली टीम को 7 विकेट से रौंदा था। इसके बाद जब सुपर-4 में यह टीमें भिड़ी तब भी बाजी युवा भारतीय टीम ने मारी थी और 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। अब मैन इन ब्लू की कोशिश मैन इन ग्रीन को तीसरी बार धोबी पछाड़ देने पर है।

## बरेली हिंसा मामले में मौलाना तौकीर रजा गिरफ्तार, 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बरेली में शुक्रवार (26 सितंबर) को हुए बवाल के मामले में इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल (आईएमसी) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बरेली पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जुमे की नमाज के बाद पुलिस फोर्स के साथ धक्का मुक्की करने की कोशिश की गई। इस मामले में 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं और मौलाना तौकीर रजा सहित 8 लोग गिरफ्तार हुए हैं। मौलाना को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

इसके साथ ही पुलिस ने 39 लोग हिरासत में लिए हैं। पुलिस ने बताया कि 7 दिनों से इसकी साजिश चल रही है और इस साजिश में बाहरी लोग भी शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले में 10 एफआईआर दर्ज की हैं, जिसमें से 7 में मौलाना का नाम दर्ज है। वहीं बरेली हिंसा पर एसएसपी अनुराग आर्या ने खुलासा किया है कि 7 दिन से इस हिंसा की साजिश चल रही थी। चाकू, तमंचे, ब्लेड और पेट्रोल की बोतलें बरामद की गई हैं।



**विकास कार्य रोकने के लिए की गई साजिश : डीएम** - डीएम अविनाश सिंह ने शुक्रवार के घटनाक्रम के बाद शनिवार को शहर का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न इलाकों में जाकर व्यापारियों से बात की। लोगों को शांति व्यवस्था का आश्वासन दिया। निरीक्षण के बाद अपने कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार का घटनाक्रम एक सुनियोजित साजिश है। प्रदेश में विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ी है। बरेली जिला प्रदेश की औसत विकास रफ्तार से 12 फीसदी अधिक पर चल रहा है। इस सबको प्रभावित करने के लिए साजिश रची जा रही है। लोगों को भड़काकर हिंसा कराई गई है। इन घटनाओं को अंजाम देने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

**इंटरनेट बंद :** बतादें कि कानपुर प्रकरण को लेकर शुक्रवार को बरेली में बवाल की स्थिति बनी रही। नमाज के बाद कोतवाली के खलील तिराहे से बवाल शुरू हुआ और फिर शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई।

इसको लेकर पुलिस और प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। शनिवार को प्रशासन की ओर से 48 घंटे के लिए बरेली की इंटरनेट सेवाओं को बंद करने का आदेश जारी कर दिया। आदेश जारी होते ही शहर की इंटरनेट व्यवस्था पूरी तरह से बंद हो गई। हालांकि कुछ देर तक एक नेटवर्क चलते रहे, लेकिन बाद में वह भी बंद कर दिए गए।

बरेली में बवाल के बाद आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा का नाम एक बार फिर चर्चा में है। आईएमसी प्रमुख 2010 में बरेली में हुए दंगे का आरोपी है। हालांकि मामला कोर्ट में लंबित है। इतना ही नहीं मौलाना ने ज्ञानवापी ढांचे में पूजा शुरू होने के बाद भी जेल भरो आंदोलन की घोषणा की थी। मौलाना पहले भी विवादित बयानबाजी कर चुके हैं।

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक दिन पहले बरेली में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हुई झड़प को लेकर कड़ा रुख अख्तार करते हुए शनिवार को कहा कि दंगाइयों को ऐसा सबक सिखाएंगे कि आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगी। मुख्यमंत्री शेष, पृष्ठ 2

## अमित शाह ने 5000 कार्यकर्ताओं के साथ किया संवाद, कहा- राहुल को केवल घुसपैठियों की चिंता

**पटना।** गृह अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर बिहार में हैं। आठ दिन के अंदर यह उनका दूसरा दौरा है। आज वह समस्तीपुर और अररिया पहुंचे। पटना से निकलने के बाद पहले वह समस्तीपुर पहुंचे। यहां सरायरंजन स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, दरभंगा, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर जिले के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके बाद अररिया पहुंचे। यहां पर फारबिसगंज के हवाई फील्ड मैदान में भाजपा के शक्ति प्रदर्शन में शामिल हुए। यहां पर पहले पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, भागलपुर, बांका भाजपा कोर कमेटी के नेताओं और लगभग पांच हजार पार्टी कार्यकताओं से सीधा संवाद किया।



गृह अमित शाह ने कहा कि चुनाव के मौसम में हमलोगों ने आम सभा रखने की जगह कार्यकर्ता सम्मेलन बुलाया है। क्योंकि, सभी पार्टियों में एक भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसका चुनाव जीतने का आधार कार्यकर्ता होता है। बूथ और मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं के बल पर ही हमलोग चुनाव जीतते हैं। हमारे यहां नेता थोपे नहीं जाते हैं, वह नीचे लेवल तक आते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि आने वाले चुनाव में फिर से दो तिहाई बहुमत के साथ नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनाना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने पीएम मोदी की खूब तारीफ की। कहा कि 24 साल में एक भी दिन ऐसा नहीं है जब पीएम मोदी ने छुट्टी ली हो। वह 24 घंटे देश सेवा में लगे रहे हैं। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ नेता ऐसे हैं जो गर्मी पड़ने पर विदेश चले जाते हैं।

**'राहुल गांधी को बिहार के युवाओं की चिंता नहीं' :** शाह ने कहा कि बिहार में भाजपा जितनी मजबूत होगी, उतना ही एनडीए मजबूत होगा। एनडीए जितना मजबूत होगा, बिहार उतना ही सुरक्षित होगा। बिहार जितना मजबूत होगा, उतना ही भारत भी मजबूत भी होगा। कुछ दिन पहले राहुल बाबा यहां आए थे। एक यात्रा निकाली थी।

उन्होंने घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्रा निकाली थी। आप बताइए क्या घुसपैठियों का हमारे वोटर लिस्ट में नाम होना चाहिए क्या? घुसपैठियों को सरकारी योजना का लाभ मिलना चाहिए। राहुल गांधी बिहार के युवाओं और गरीबों की चिंता नहीं करते हैं। बांग्लादेश से आए घुसपैठियों की चिंता करते हैं। आप बताओं किसी का वोट कटा है क्या?

**आगामी चुनावी तैयारियों की दिशा तय करेगा :** डेढ़ घंटे चलने वाले इस विशेष कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में गृह मंत्री आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं से फीडबैक लिया और बूथ स्तर तक की रणनीति पर चर्चा की।

शाह ने जीत का मंत्र देने के साथ-साथ संगठन को और मजबूत करने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। फारबिसगंज से अररिया, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज समेत सीमांचल के नौ जिलों के कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व का मानना है कि यह संवाद आगामी चुनावी तैयारियों की दिशा तय करेगा। उधर, स्थानीय कार्यकताओं में भी शाह के आगमन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने युवाओं को समझाया 'वन नेशन-वन इलेक्शन' का राष्ट्रीय महत्व

## आईएमएस में बोले, यह मॉडल चुनाव प्रक्रिया को करेगा सुव्यवस्थित और देगा विकास को गति












**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाज़ियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में युवाओं के बीच वन नेशन - वन इलेक्शन (एक राष्ट्र - एक चुनाव) की अवधारणा और चुनावी सुधारों के महत्व को समझाने के लिए एक विशाल सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से होने वाले संभावित लाभों के प्रति युवाओं में जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री माननीय सुनील बंसल जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान आईएमएस गाज़ियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एवं पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल, मैनेजमेंट ट्रस्टी एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल भी मंच पर मौजूद रहे।



### सुनील बंसल दे गए मूल मंत्र

करंट क्राइम। मुख्य अतिथि सुनील बंसल जी ने अपने संबोधन में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' मॉडल के पक्ष में जोरदार तर्क दिए। उन्होंने कहा कि यह मॉडल चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा और बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले व्यवधानों को कम कर देश के विकास को गति देगा। उन्होंने बताया कि इससे एक स्थिर और केंद्रित सरकार को सामाजिक कल्याण की पहलों और सुधारों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी। बंसल ने चुनाव खर्चों का ज़िक्र करते हुए कहा कि जहाँ 2019 के आम चुनाव में लगभग 55,000 करोड़ रुपये खर्च हुए, वहीं 2024 के लोकसभा चुनावों का खर्च लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों में 4-7 लाख करोड़ रुपये का खर्च आता है। उन्होंने दावा किया कि इस एक उपाय से होने वाली बचत भारत के सकल घरेलू उत्पाद के 1.5 प्रतिशत के बराबर होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बार-बार लगने वाली आचार संहिता से नीति-निर्माण और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा आती है, इसलिए देश के विकास के लिए इस विषय पर गंभीरता से सोचना होगा। सम्मेलन में आईएमएस गाज़ियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सभी संस्थानों के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस दौरान संस्थान के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छारिया, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव कौंसिल मेंबर डॉ प्रमोद अग्रवाल, निदेशक प्रो.(डॉ.) जसकिरण कौर, एवं डॉ प्रसून एम त्रिपाठी भी मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित जन का धन्यवाद कर किया गया।





# बरेली बवाल में बड़ी कार्रवाई : मौलाना तौकीर भेजे गए जेल

बरेली। बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शनिवार को मौलाना तौकीर रजा खां समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अलग-अलग थानों में 10 मुकदमे दर्ज किए हैं। एक मुकदमे में मौलाना तौकीर को बलवा कराने का आरोपी बनाया गया है। गिरफ्तारी के बाद मौलाना समेत आठों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जुमे की नमाज के बाद अलग-अलग जगहों पर हिंसक प्रदर्शन किया। इसमें अब तक कुल 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं। कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, थाना किला, प्रेमनगर और कैंट में एक-एक एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस 39 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

**जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद :** बवाल के बाद जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। बीएसएनएल क्षेत्रीय कार्यालय के जीएम पंकज पोरवाल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सोशल मीडिया पर जो पत्र वायरल हुआ है, वह सही है। शासन के निर्देश पर कुछ देर में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। हमारे पास आधिकारिक पत्र आ गया है।

**पुलिस ने 10 मुकदमे दर्ज किए :** बवाल के मामले में पुलिस ने शहर के अलग-अलग पांच थानों में 10 मुकदमे दर्ज किए हैं। कोतवाली में दर्ज बलवे के मुकदमे में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को आरोपी बनाया गया है, जबकि बाकी मुकदमों में मौलाना के समर्थक नामजद किए जा रहे हैं। फाइक एनक्लेव निवासी बरातघर संचालक फरहत और उसके बेटे को बारादरी पुलिस ने जांच के आधार पर मुकदमे में शामिल किया है। शुक्रवार रात से इन्हीं लोगों ने मौलाना को अपने घर में शरण दे रखी थी।

**मौलाना ने रात में जारी किया था वीडियो :** बवाल के बाद मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार रात 10:20 बजे वीडियो जारी कर कहा है कि अतीक और अशरफ की तरह मुझे गोली मार दो, मोहम्मद के नाम पर मरना कबूल है। उन्होंने कहा कि वह अब तक नजरबंद हैं। उन्होंने मुसलमानों को मुबारकबाद पेश करते हुए घटना को साजिश करार दिया। मौलाना ने कहा कि मैं आशिकाने रसूल को मुबारकबाद पेश करता हूं। ऐसे खतरनाक समय में इश्क-ए रसूल के नाम पर आप लोग आए। हमने अमन का रास्ता इख्तियार किया था। मोहम्मद साहब के नाम को जो बार-बार अपमानित किया जा रहा है, उसके लिए सख्त कानून बनाया जाए।




**'यह मामला जितना दबाया जाएगा, उतना ही उभरेगा' :** मौलाना ने कहा कि ₹मैं वहां जाता, नमाज पढ़ता और ज्ञापन देकर लोगों को घर भेज देता, पर हमेशा की तरह मुझे हाउस अरेस्ट कर लिया₹। उनके पीछे झूठे लेटरपैड पर उनके नाम से बयान जारी कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गई। प्रशासन मुसलमानों को रसूल का नाम लेने की इजाजत नहीं दे रहा है। यह मामला जितना दबाया जाएगा, उतना ही उभरेगा।

**ये था मामला :** आई लव मोहम्मद के समर्थन में मौलाना तौकीर रजा खां के बुलावे पर शुक्रवार को शहर में भीड़ जुटी थी। मौलाना के नदारद रहने पर भीड़ अराजक हो गई। बवालियों ने खलील स्कूल तिराहे के पास दुकानों व वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। नावल्टी चौराहा पर पुलिस टीम पर पथराव और श्यामगंज में फायरिंग की। करीब तीन घंटे तक शहर में बवाल हुआ। भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, लाठीचार्ज भी किया। शाम पांच बजे हालात काबू में आ गए।

**घटना में 22 पुलिसकर्मी हुए घायल :** डीआईजी अजय कुमार साहनी के मुताबिक घटना में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। जिस तरह से भीड़ बैनर लेकर निकली और पथराव किया उससे सुनियोजित साजिश का संकेत मिलता है। घटना के वीडियो और तस्वीरों के आधार पर इसमें शामिल सभी लोगों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मौलाना तौकीर रजा बवाल का मुख्य साजिशकर्ता
### डीआईजी बोले- लोगों को मैसेज भेज भड़काया गया

बरेली में पुलिस ने शनिवार को बवाल के आरोपी मौलाना तौकीर रजा खां समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि शुक्रवार को नमाज के बाद अलग-अलग जगहों पर हिंसक प्रदर्शन हुआ। इसमें अब तक कुल 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं। कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, थाना किला, प्रेमनगर और कैंट में एक-एक एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस 39 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस पर पथराव करने वाले आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। बवाल के करीब दो हजार आरोपी बताए जा रहे हैं।

बरेली में शुक्रवार को नमाज के बाद अचानक बवाल नहीं हुआ, इसके पीछे सोची-समझी साजिश थी। सात दिन पहले से माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा रही थी। पुलिस जांच में यह बातें सामने आई हैं। बवाल के बाद पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, खाली कारतूस, पेट्रोल से भरी बोतलें बरामद की हैं।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने कहा कि अब सारी चीजें सामान्य हैं। बवाल के मामले में अब तक कुल दस एफआईआर दर्ज की गई हैं। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। अभी तक कुल 39 लोगों को चिह्नित किया गया है। मुख्य साजिशकर्ता के तौर पर मौलाना तौकीर रजा खां का नाम सामने आया है। मौलाना समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

डीआईजी ने कहा कि व्हाट्सएप ग्रुप से पहले मैसेज जारी किए गए, फिर उनका खंडन किया गया। लोगों को मैसेज करके भड़काया गया। मौके पर जो लोग पहुंचे। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार मिले। इन सारे तथ्यों को देखते हुए लग रहा है कि यह सुनियोजित साजिश है। पहले से ही तैयारी करके घटना की गई। फायरिंग और पथराव में 22 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मौके से खोखे और पेट्रोल की बोतलें भी बरामद हुई हैं।

# 'मौलाना भूल गया था यूपी में किसका शासन है'
## जो भाषा समझते थे, उसी में समझाया गया : योगी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित होटल ताज में शनिवार को 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर यूपी के विकास और आने वाले समय में प्रदेश के विकास के लक्ष्य पर चर्चा हुई। इस दौरान अपने संबोधन में सीएम योगी ने प्रदेश में कानून व्यवस्था से लेकर एक्सप्रेसवे, मेट्रो और अन्य विकास कार्यों पर अपनी बात रखी। उन्होंने अशांति फैलाने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी।




**बरेली हिंसा पर सीएम की दो टूक :** सीएम ने कहा कि बरेली में वह मौलाना भूल गया कि शासन किसका है। कहता था, धमकी देंगे कि हम शहर जाम कर देंगे। हमने कहा ना तो जाम होगा... ना ही कर्फ्यू लगेगा। बल्कि, ऐसा सबक सिखाएंगे की आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। 2017 से पहले यही होता था। लेकिन, अब हमने ऐसे बैरियर को लागू किया है, जिससे चुन-चुन करके ऐसे लोगों को सबक सिखाया। वह जिस भाषा में समझना चाहते थे, उस भाषा में उन्हें समझाया गया।

पहले सरकारों ने हर जिले में एक माफिया दिया था। जिले की सत्ता माफिया को चलाने की छूट दी गई थी। हर व्यक्ति अपनी पहचान को मोहताज था। खेती-बाड़ी चौपट थी। नौजवानों की नौकरियों पर सेंध लगाती थी। उनकी नीलामी होती थी। चाचा-भतीजा वसूली के लिए निकल पड़ते थे। वसूली का गैंग चलता था। ट्रांसफर और पोस्टिंग में उनके दलाल बोली लगाया करते थे। हमने उनके अनैतिक और अवैध व्यापार पर प्रहार किया है। उनके चेले चिल्लाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 11वीं सदी में भारत के अंदर भारत की आबादी 60 करोड़ थी। भारत आर्थिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में था। चंद्रगुप्त मौर्य के समय में ग्लोबल इकॉनमी में भारत की हिस्सेदारी 40 फीसदी थी। 11वीं सदी आते-आते यह घटकर 30 फीसदी तक रह गई। 17वीं सदी में भारत 25 फीसदी पर सिमट गया। उस समय आधी से ज्यादा आबादी खेती पर निर्भर थी। शेष आबादी लघु और कुटीर उद्योगों में लिप्त थी। भारत में अंग्रेजों ने पेस्टिसाइड और केमिकल भेजें। शुरू में परिणाम अच्छे रहे, लेकिन बाद में बेहद खराब परिणाम आए।

**विदेशियों ने भारत को लूटकर अपने आप को समृद्ध किया :** अंग्रेज भारत से 32 ट्रिलियन डॉलर के बराबर सोना लूटकर अपने साथ ले गए। विदेशियों ने भारत को लूटकर अपने आप को समृद्ध किया है। अंग्रेजों ने उद्योग धंधों को समाप्त किया। कौन नहीं जानता भारत टेक्सटाइल का हब था। भारत के पास सब कुछ था, जो दुनिया को चाहिए था। दुनिया का पहला विश्व विश्वविद्यालय तक्षशिला भारत ने दुनिया को दिया।

# गोरखपुर कांड का आरोपी जुबैर मुठभेड़ में ढेर
## बुलेट प्रूफ जैकेट से बची सीओ सिटी जितेंद्र सिंह की जान

**गोरखपुर।** गोरखपुर में हुए बवाल के मामले में एक लाख रुपये का इनामी गो तस्कर पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया। मुठभेड़ के दौरान फायरिंग में एक उप निरीक्षक समेत दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए जबकि दो गोलियां सीओ सिटी जितेंद्र सिंह की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगी हैं। वह बाल-बाल बच गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद डीआईजी मुनिराज जी समेत अन्य पुलिस व प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंच गए।

शहर के मोहल्ला कोतवाली क्षेत्र के घेर मर्दान खां निवासी जुबैर उर्फ कालिया शुक्रवार की रात करीब दस बजे पुलिस के हत्थे चढ़ गया। रात करीब दस बजे सीओ सिटी जितेंद्र सिंह पुलिस के साथ गंज थाना क्षेत्र के चाकू चौराहे के पास चेकिंग कर रहे थे।

पुलिस के मुताबिक चेकिंग के दौरान बाइक सवार को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन बाइक सवार ने पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी जिस पर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे ढेर कर दिया। गो तस्कर की फायरिंग में गंज थाने में तैनात दरोगा राहुल सिंह व कांस्टेबल संदीप सिंह घायल हो गए।



बाद में पुलिस ने उसकी पहचान घेर मर्दान खां निवासी जुबैर उर्फ कालिया के रूप में की। पुलिस जुबैर को गंभीर हालत में ही जिला अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घायल पुलिस कर्मियों का इलाज चल रहा है। सूचना मिलने के बाद डीआईजी मुनिराज जी और डीएम जोगिंदर सिंह व एसपी विद्या सागर मिश्र मौके पर पहुंच गए। डीआईजी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल पुलिस कर्मियों का भी हाल जाना।

**बाइक गिरने के बाद फायरिंग की शुरू :** चाकू चौराहे के पास जब पुलिस ने चेकिंग के दौरान जुबैर को पहचान लिया। रुकने का इशारा करने पर आरोपी भागने लगा। इस दौरान उसकी बाइक गिर गई। बाइक गिरते हुए उसने पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान आरोपी ने चार गोलियां चलाईं।

**बुलेट प्रूफ जैकेट नहीं होता तो सीओ को लग जाती गोली :** सीओ बुलेट प्रूफ जैकेट पहने हुए थे। आरोपी जुबैर ने जब फायरिंग शुरू की तो पहली गोली सीधे सीओ के वाहन के शीशे में जा लगी।

इससे गाड़ी का शीशा चकनाचूर हो गया। दूसरी गोली सीओ के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी। तीसरी और चौथी गोली सिपाही और दरोगा को छूकर निकल गई जिससे दोनों घायल हो गए।

**पुलिस की एक गोली जुबैर के सीने में लगी :** पुलिस की जवाबी फायरिंग में सीधे गोली जुबैर के सीने में लगी।

एसपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि गोली आरपार हो गई। घायल अवस्था में आरोपी को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जुबैर को मृत घोषित कर दिया।

# सीएम योगी ने बहराइच में भेड़िया प्रभावित क्षेत्र का किया हवाई सर्वेक्षण
## बोले- पकड़ में न आए तो मार दें गोली





### सभी लोग वन और प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग करें- सीएम

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को बहराइच के भेड़िया प्रभावित मंझारा तौकली गांव के गांधी बाजार पहुंचे। यहां उन्होंने हवाई सर्वेक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जंगल में भेड़िये जैसे दो जानवर भागते हुए देखे जाने की पुष्टि की। कहा कि वन विभाग पहले भेड़ियों को पकड़ने की कोशिश करे। लेकिन, यदि पकड़ में न आएं तो उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गोली मारने में कोई कोताही न बरतें।

मुख्यमंत्री ने 10 मिनट का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद भेड़िये के हमले से प्रभावित 16 परिवारों को राहत किट प्रदान की। ग्रामीणों से बातचीत की। मृत बच्चों के परिजनों को सांत्वना देते हुए परिजनों को पांच लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की बात कही।

सीएम योगी ने कहा कि बाढ़ के दौरान भेड़िया क्षेत्र में आ गए हैं। अब आबादी पर हमला कर रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि प्राथमिकता जनता की सुरक्षा की हो। प्रशासन को निर्देशित किया कि जिन ग्रामीणों के पास अभी पक्के मकान नहीं हैं, उन्हें पक्का घर मुहैया कराया जाए।

साथ ही जिन घरों में दरवाजे नहीं हैं, वहां दरवाजे लगवाये जाएं। शौचालय का निर्माण कराया जाए, ताकि लोग सुरक्षित रहें।

इस दौरान मंच पर वन मंत्री अरुण कुमार, जिले के विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मौजूदगी दर्ज कराई। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वन और प्रशासनिक अधिकारियों को सहयोग दें। ताकि, भेड़ियों का पता लगाकर और आवश्यक कदम उठाकर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# दिवाली और छठ पूजा फेस्टिवल सीजन के दौरान चलेंगी कई स्पेशल ट्रेन

**अहमदाबाद/मुंबई:** नवरात्रि के बाददशहरे, दिवाली और फिर छठ पूजा के बड़े पर्व को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे ने पांच जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का ऐला नकिया है। ये ट्रेनें मुंबई के बांद्रा टर्मिनस और गुजरात के बड़े स्टेशनों से संचालित होंगी। पश्चिम रेलवे ने एक बयान में कहा है कि यात्रियों की सुविधा तथा दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के त्योहारी सीजन के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस-सांगानेर, इंदौर-खड़की, इंदौर-हजरत निजामुद्दीन, साबरमती-पटना और राजकोट-बरौनी स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर त्योहार स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक इन ट्रेनों का ब्योरा साझा किया है।



1. ट्रेन संख्या 09023/09024 बांद्रा टर्मिनस-सांगानेर सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल (18 फेरे) ट्रेन संख्या 09023 बांद्रा टर्मिनस-सांगानेर सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से 16:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12:30 बजे सांगानेर पहुंचेगी। यह ट्रेन 2 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09024 सांगानेर-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को सांगानेर से 16:50 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11:15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 अक्टूबर से 28 नवंबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, नागदा, चौमहला, शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा और सवाई माधोपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी 3 टियर और एसी 3 टियर (इकोनॉमी) कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 09427/09428 साबरमतीझपटना साप्ताहिक स्पेशल (18 फेरे) : ट्रेन संख्या 09427 साबरमतीझपटना स्पेशल प्रत्येक बुधवार को साबरमती से 18:10 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 01:00 बजे पटना पहुंचेगी। यह ट्रेन 01 अक्टूबर से 26 नवंबर, 2025 तक चलेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09428 पटनाझ साबरमती स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को पटना से 04:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 09:55 बजे साबरमती पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 अक्टूबर से 28 नवंबर 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, मारवाड़, अजमेर, जयपुर, गांधी नगर जयपुर, दौसा, भरतपुर, अछनेरा, ईदगाह आगरा, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

# दिवाली से पहले दिल्ली सरकार का छप्पर फाड़ गिफ्ट, पानी के बकाया बिलों पर ब्याज नहीं

**नई दिल्ली:** जिन लोगों के लंबे समय से पानी के बिल बकाया है, उन्हें दिल्ली सरकार ने दिवाली का तोहफा दिया है। बकाया बिलों पर सरकार ने ब्याज (लेट पेमेंट सरचार्ज) पूरी तरह से माफ कर दिया है। अब सिर्फ प्रिंसिपल अमाउंट का ही भुगतान करना होगा, वह भी अगले साल 31 मार्च तक। 31 जनवरी तक बकाया बिलों के भुगतान पर ब्याज 100 प्रतिशत और इसके बाद भुगतान पर ब्याज पर सिर्फ 70 प्रतिशत ही छूट मिलेगी।

**कब तक लागू रहेगी स्कीम :** आपको बता दें कि यह स्कीम सिर्फ 31 मार्च तक लागू रहेगी। इसके बाद किसी को छूट का लाभ नहीं मिलेगा। शुक्रवार को यह घोषणा दिल्ली सरकार में जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने की। उन्होंने कहा कि बकाया बिलों पर छूट की यह



स्कीम इस सरकार की पहली और आखिरी है। इसके बाद किसी को इस तरह की स्कीम का लाभनहीं मिलने वाला।


कई गुना हो चुका पानी का बिल

मंत्री के अनुसार, दिल्ली में लाखों लोग हैं, जिनका लंबे समय से पानी का बिल बकाया है। किसी का एक लाख से ज्यादा तो किसी का 70 हजार रुपये बकाया है। बकाया बिलों की गणना चक्रवृद्धि ब्याज दरों पर होने के चलते मूल बकाया बिल की तुलना में ब्याज ही कई गुना हो चुका है। ऐसे में लोग काफी परेशान हैं और लंबे समय से बिलों का भुगतान नहीं कर रहे थे। इसलिए सरकार ने वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लॉन्च की है।

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि डोमेस्टिक, नॉन-डोमेस्टिक और गवर्नमेंट एजेंसियों को मिलाकर पिछले कुछ सालों से 87,589 करोड़ रुपये पानी का बिल पेंडिंग है। जिसमें प्रिंसिपल अमाउंट तो 7,125 करोड़ रुपये है, लेकिन ब्याज 80,463 करोड़ रुपये है। इसलिए सरकार ने यह फैसला किया है कि डोमेस्टिक कैटेगरी और गवर्नमेंट एजेंसियों के पानी के बकाया बिलों पर ब्याज 100 प्रतिशत माफ किया जाएगा।

# वांगचुक की गिरफ्तारी से क्रोधित केजरीवाल, बोले- उनके साथ घटिया राजनीति कर रही भाजपा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने लद्दाख को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सोनम वांगचुक के साथ केंद्र सरकार के रवैये की कड़ी आलोचना की है। आप ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित केंद्र सरकार वांगचुक जैसे देशभक्त को तुच्छ राजनीति का शिकार बना रही है।




पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इस व्यक्ति ने अपना पूरा जीवन शिक्षा सुधार और नवाचार को समर्पित कर दिया, उसे सरकार का पूरा तंत्र प्रताड़ित कर रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि जो व्यक्ति देश के बारे में सोचता है, शिक्षा और नए आविष्कारों के बारे में सोचता है, उसे प्रताड़ित करना भाजपा की घटिया राजनीति का उदाहरण है। दुख होता है कि देश की बागडोर ऐसे लोगों के हाथों में है। ऐसे भारत का विकास कैसे संभव है?

वरिष्ठ नेता और पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया ने भी सोनम वांगचुक के समर्थन में बयान दिया। उन्होंने कहा कि वांगचुक केवल लद्दाख की आवाज नहीं बल्कि पूरे भारत के युवाओं की उम्मीद हैं।

उनकी आवाज में शिक्षक की सादगी, वैज्ञानिक का ज्ञान और सच्चे देशभक्त की आत्मा है। लेकिन आज भाजपा के राज में स्थिति ऐसी है कि एक सच्चे शिक्षक और नवोन्मेषक को राजनीति के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल के आवास पर पहुंचे राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल

### दादी कमला बहन ने भेंट की सुनील बंसल को राम दरबार की प्रतिमा और दिया आशीर्वाद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभु बंसल का परिवार राजनीति के साथ-साथ सनातन संस्कारों से जुडा है। ये एक ऐसा परिवार है जहां विचारों से अधिक संस्कारों को अधिक महत्व दिया जाता है। परिवार के बड़े सदस्यों ने अगली पीढ़ी को बताया है कि हमारे संस्कार क्या हैं।

हमारा नैतिक दायित्व क्या है और हमारा आचार कैसा होना चाहिए। शनिवार का दिन पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल के लिए अविस्मरणीय था। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल शनिवार को गाजियाबाद में वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आईएमएस कॉलेज आये थे।

राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल गाजियाबाद में कवि नगर स्थित पिलखुवा नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल के आवास पर पहुंचे। यह एक पारिवारिक मुलाकात थी और परिवार के बुजुर्ग सदस्यों में विभु बंसल की दादी श्रीमती कमला बहन ने सुनील बंसल राष्ट्रीय महामंत्री का स्वागत किया। उन्होंने घर आगमन पर राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट की और उन्हें सफलता का आशीर्वाद भी दिया। यहां पर सबसे बड़ी बात ये थी कि सुनील बंसल भी परिवार के सदस्यों से परिवार की तरह मिले। सभी से उन्होंने स्नेह पूर्वक वार्ता भी की और सबकी कुशलक्षेम जानी। हालांकि ये एक पारिवारिक मुलाकात थी लेकिन इस मुलाकात के एक बड़े संदेश राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल का अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकाल कर विभु बंसल के घर पर आना और यहां सभी परिजनों के साथ मिलना इस बात का परिचायक है कि संबंधों में स्नेह की उष्मा हैं और संबंधों में अपनेपन का भाव है। पिलखुवा चेयरमैन विभु बंसल भी एक आत्मीय भाव के साथ लोगों से जुड़ते हैं उनकी राजनीति की ये खासियत है कि वो कभी मिथ्या वचन नहीं कहते और राजनीति में रहते हुए भी वो स्पष्ट वक्ता है। वो राजनीति में सैद्धान्तिक तौर पर अमल करते हैं और विकास के विजन के साथ काम करते हैं। जब राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल उनके आवास पर पहुंचे तो ये एक बड़ा खास राजनीतिक संदेश भी था। परिवार के बुजुर्ग सदस्यों ने उन्हें आशीर्वाद दिया तो परिवार के कनिष्ठ सदस्यों ने उनका आशीर्वाद लिया। एक गरिमामयी संक्षिप्त कार्यक्रम में एक बड़ी पहचान और एक बड़ा संदेश समाज को गया है।

## फुल एनकाउंटर में शामिल और मिशन शक्ति टीम को महापौर व नगर आयुक्त ने किया सम्मानित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति और पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में अपराध और कुख्यात बदमाशों के खिलाफ चल रहे अभियान ने अपराधियों की कमर तोड़ दी है।

हाल ही में हुई दो बड़ी कार्रवाई ने गाज़ियाबाद पुलिस की छवि को और बुलंद किया है।



जिसमें वेव सिटी क्षेत्र में 20 सितंबर की रात क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने 50 हजार रुपये के इनामी दुर्दांत अपराधी बलराम को मुठभेड़ में ढेर कर दिया था। तो गोलीबारी में पुलिसकर्मी घायल हुए, लेकिन जवानों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए साहस और शौर्य का परिचय दिया। वहीं 22 सितंबर को मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला पुलिस टीम ने नंदग्राम एसीपी उपासना पांडेय और महिला थाना प्रभारी रितु त्यागी के नेतृत्व में शातिर अपराधी जितेंद्र को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। यह उपलब्धि गाज़ियाबाद की महिला पुलिस के लिए ऐतिहासिक कही जा रही है।

### मेयर सुनीता दयाल ने पहनाए शॉल व बांटे प्रशस्त्रि पत्र









करंट क्राइम : इन दोनों साहसिक अभियानों में योगदान देने वाले पुलिसकर्मियों को शनिवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने प्रशस्ति पत्र और शॉल पहनाकर सम्मानित किया। महापौर ने कहा कि गाज़ियाबाद की महिला पुलिस ने पहली बार मुठभेड़ में अपराधी को पकड़कर न सिर्फ कमिश्नरेट की छवि को ऊंचा किया है बल्कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल कायम की है। नगर आयुक्त ने कहा कि गाज़ियाबाद पुलिस की त्वरित और साहसिक कार्रवाई ने अपराधियों को जिले से भागने पर मजबूर कर दिया है। अब गाज़ियाबाद भयमुक्त और सुरक्षित शहर की पहचान की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

### स्वॉट टीम का भी हुआ सम्मान

करंट क्राइम : कार्यक्रम में अपर पुलिस उपायुक्त क्राइम पीयूष कुमार सिंह, स्वॉट प्रभारी अनिल कुमार राजपूत सहित स्वॉट टीम के बहादुर पुलिसकमी सब-इंस्पेक्टर सुनीत मलिक, पूरन सिंह, मनोज कुमार, वरुण वीर सिंह, विशाल राठी, संदीप कुमार, पुष्पेंद्र शुक्ला, बालेन्द्र, अमित कुमार, संदीप मलिक, मोहित शर्मा, विनीत कुमार और प्रवेश कुमार मौजूद रहे।

### सम्मानित महिला पुलिसकर्मी

- एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय, महिला थाना प्रभारी रीतु त्यागी, उपनिरीक्षक विनीता यादव, उपनिरीक्षक भुवनेश्वरी, मुख्य आरक्षी ममता, मुख्य आरक्षी नीतू

## गाजियाबाद के एसीपी ट्रैफिक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में संभाल रहे हैं कमान

### मिशन शक्ति और आधुनिक पुलिस फोर्स का प्रदर्शित कर रहे हैं फेस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ग्रेटर नोएडा में एक्सपो सेंटर मार्ट में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का तीसरा संस्करण चल रहा है। जिसमें देश ही नहीं बल्कि विदेश तक के तमाम स्टॉल और अलग-अलग तकनीक और स्टॉल लगाए गए हैं। इस खास और यूपी के सबसे बड़े इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया है। तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस बेहद महत्वपूर्ण और खास कहे जाने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में यूपी पुलिस की ताकत ,तकनीक और मिशन शक्ति से लेकर पुलिस के नए फेस को प्रदर्शित करने के लिए यूपी पुलिस का स्टॉल लगाया गया है। खास बात यह है कि इस स्टाल में गाजियाबाद के एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन गाजियाबाद पुलिस के कई टीआई और टीएसआई अपनी ड्यूटी दे रहे हैं। साथ ही ट्रैफिक मैनेजमेंट का भी जिम्मा संभाल रहे हैं। गस्टेड अधिकारी के तौर पर जियाउद्दीन की ग्रेटर नोएडा के यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में ड्यूटी लगी हुई है।

### आधुनिक कैमरों से लेकर लेटेस्ट वैपन किए जा रहे हैं प्रदर्शित

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नोएडा में जो एक्सपो मार्ट स्थित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो चल रहा है, इसमें उत्तर प्रदेश पुलिस जहां मिशन शक्ति को प्रदर्शित कर रही है। तो वहीं यूपी पुलिस द्वारा इस्तेमाल किया जा रहे बेहद आधुनिक हथियारों और नई तकनीक को भी दशार्या जा रहा है। साथ ही युवाओं एवं पढ़े-लिखे वर्ग को पुलिस फोर्स के प्रति जागरूक और पुलिस सेवाओं से जोड़ने के लिए तमाम तरीके की जानकारियां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस स्टाल में जहां आधुनिक वैपंस प्रदर्शित किए गए हैं। तो विश्व स्तरीय कैमरे जो यूपी पुलिस अलग-अलग स्थानों पर लगाने का काम कर रही है, उसको भी डिस्प्ले में लगाया गया है।



### गाजियाबाद की इलेक्ट्रिक बसें पहुंचा रही है लोगों को मेले

करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक बसें भी नोएडा में लगे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को सफल और लोगों को सुविधा प्रदान करने का काम कर रही हैं। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा यहां 30 बसें इलेक्ट्रिक सेवा से संचालित प्रदान की गई हैं, जो अलग-अलग स्थानों से लोगों को निशुल्क शटल मुफ्त बस सेवा के तहत मेले में पहुंचाने में मददगार साबित हो रही हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने जानकारी दी है कि गाजियाबाद नगर निगम ने सिटी क्षेत्र में चलने वाली 30 इलेक्ट्रिक बसों को लोगों की सहूलियत के लिए लगाया है।

## फुल एनकाउंटर की होगी मजिस्ट्रेट जांच



### पुलिसकर्मियों के असलहों की भी होगी जांच

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस पूरे एनकाउंटर में शामिल एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम के प्रभारी अनिल राजपूत सहित शामिल पुलिस कर्मियों को जिनके द्वारा बदमाश पर गोली चलाई गई थी उनके असलहे जमा कराए जाएंगे। इन असलहों की प्रयोगशाला और पुलिस के अधिकारियों के द्वारा जांच की जाएगी ताकि इस पूरे एनकाउंटर की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा सके।

> “ इंस्पेक्टर मोदीनगर नरेश शर्मा भी हैं जांच टीम में शामिल
> सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपी गई है फाइलें और असलाहों को जांचेंगे पुलिस अफसर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बदमाश को मिट्टी में ढेर करने का काम किया गया था। अब इस मामले की जल्द जांच शुरू होने वाली है। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिलाधिकारी गाजियाबाद रविंद्र कुमार ने इस जांच के लिए सिटी मजिस्ट्रेट डा. संतोष उपाध्याय गाजियाबाद को नामित किया गया है। उनको फाइल सौंपी दी गई है और इस मामले में इंस्पेक्टर के रूप में मोदीनगर थाना प्रभारी नरेश शर्मा भी जांच टीम का हिस्सा रहेंगे।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एनकाउंटर टीम में शामिल प्रमुख पुलिसकर्मियों के असलहों को भी जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। साथ ही पुलिस अधिकारियों की टीम उनके असलहों को जांचने का काम करेंगे। बता दें कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में स्वाट टीम ने मिलकर 50 हजार के ईनामी बदमाश बलराम ठाकुर को मुठभेड़ में ढेर करने का काम किया था। बलराम ठाकुर पर आरोप था कि उसने एक के बाद एक गाजियाबाद के तीन प्रमुख और बड़े व्यापारियों व कारोबारी से रंगदारी मांगी थी और रकदी नहीं देने पर मौत के घाट उतारने की धमकी दी थी। जिसके बाद पुलिस ने उसको एंकाउटर के बाद ढेर किया था।

### इंस्पेक्टर मोदीनगर नरेश शर्मा भी हैं जांच टीम का हिस्सा



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों 50000 के इनामी बदमाश को ढेर करने वाली क्राइम ब्रांच स्वॉट की टीम की जांच होगी। इस मामले की जांच में इंस्पेक्टर मोदीनगर नरेश शर्मा को भी जांच टीम का हिस्सा बनाया गया है। वहीं पूरे मामले की सिटी मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट सौंपी जाएगी और वह भी अपने स्तर से इस पूरे मामले की मीडिया रिपोर्ट से लेकर वीडियो क्लिपिंग के आधार पर जांच करेंगे।

## वरिष्ठ अधिवक्ता-समाजसेवी-शिक्षाविद् फतेह चंद गोयल को श्रद्धांजलि देने उमड़ पड़ा पूरा शहर

### समाज सेवा के कामों में लेते थे बढ़ चढ़ कर भाग और परोपकार रहा जीवन का उद्देश्य





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कहावत है कि मौत तो उसकी जिसका जमाना करे अफसोस, यूं तो दुनिया में सभी आये हैं मरने के लिए। जीवन और मृत्यु प्रकृति का शास्वत सत्य है। मगर कुछ लोग इस जीवन में अपनी कर्म यात्रा से एक ऐसी छाप छोडकर जाते हैं कि उनकी अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ता है। लोहिया नगर में रहने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता फतेह चंद गोयल का निधन हो गया।

फतेह चंद गोयल वरिष्ठ अधिवक्ता थे और बताया जाता है कि वह 1971 से पंजीकृत अधिवक्ता थे। अपने अधिवक्ता जीवन में उन्होंने न्याय की गई लड़ाईयां लड़ी। कितने ही मामलों में उन्होंने कितने ही लोगों को इंसाफ दिलाया। फतेह चंद गोयल अधिवक्ता होने के साथ-साथ समाजिक कल्याण के सबसे बड़े पैरोकार रहे। उन्होंने समाज सेवा के लिए कई कदम उठाये और सबसे बड़ी बात ये थी कि वो किसी राजनीतिक विचारधारा से बंध कर काम नहीं करते थे।

अगर कोई काम समाज कल्याण का है, समाज के परोपकार है तो फिर फतेह चंद गोयल उस कार्य में सबसे बड़े पैरोकार होते थे। वैश्य समाज के कार्यों में उनकी सहभागिता उल्लेखनीय है। वो महाराजा अग्रसेन भवन के अध्यक्ष भी रहे। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने कार्य किया और फरूख नगर में नव जीवन इंटर कॉलेज की स्थापना की। समाज सेवा की अनेक संस्थाओं से फतेह चंद गोयल अपने जीवन के अंतिम समय तक जुड़े रहे।

वो एक ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने समाजिक प्रतिष्ठा हासिल की और उन्हें समाज में एक विशेष स्थान हासिल था। उनके परिवार की बात करें तो उनके परिवार में उनके बड़े पुत्र हरीश गोयल जिला जज हैं।

इसके अलावा उनके छोटे बेटे पवन गोयल वरिष्ठ भाजपा नेता हैं और जीडीए बोर्ड सदस्य हैं। कनिष्ठ पुत्र संदीप गोयल एक सफल व्यापारी हैं। फतेह चंद गोयल अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गये हैं। फतेह चंद गोयल के निधन का समाचार मिलते ही समाज में शोक की लहर व्याप्त हो गई। वैश्य समाज से लेकर अधिवक्तागण उनके अंतिम उनके लोहिया नगर स्थित आवास से शुरू हुई। उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। फतेह चंद गोयल ने अपनी मृत्यु से पहले ही अपने बेटे पवन गोयल को फरूख नगर नवजीवन इंटर कॉलेज के प्रबंधक वाली कमान सौंपी थी। फतेह चंद गोयल के निधन पर समाज के सभी वर्गों ने शोक व्यक्त किया।

### सोमवार को रहेगा फतेह चंद गोयल के निधन पर कचहरी में अवकाश

करंट क्राइम। फतेह चंद गोयल बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य थे। वो एक लंबे समय से अधिवक्ता पेशे से जुड़े हुए थे। उनके निधन पर बड़ी संख्या में अधिवक्ता भी शोक व्यक्त करने के लिए पहुंचे। सूत्र बताते हैं कि सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता फतेह चंद गोयल के निधन पर कचहरी में कंडोलेंस रहेगी।

## पुलिस कमिश्नरेट में मिशन शक्ति 5.0 : आत्मरक्षा शिविर, गोष्ठी और सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### छात्राओं को दिया संदेश कोई करे परेशान तो खुलकर बोलें, होगी सख्त कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर चल रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के शनिवार को गाजियाबाद के विभिन्न सर्किलों में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण पर ताबड़तोड़ कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

वेव सिटी, क्रॉसिंग कवि नगर, इंदिरापुरम, सिहानी गेट ,मसूरी से लेकर साहिबाबाद तक अलग-अलग आयोजन हुए। वहीं इंदिरापुरम स्थित दिगंबर जैन सभा मंदिर में तो एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के संचालन में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुआ, जिसमें 100 से अधिक महिलाओं व छात्राओं ने भाग लिया। उन्हें आधुनिक तकनीकों और आत्मरक्षा कौशल की ट्रेनिंग दी गई। तो पिंक बूथ पुलिस टीम और एंटी रोमियो स्क्वॉड ने उत्थान पब्लिक स्कूल, ग्राम मकनपुर, कृष्णा देवी हायर सेकेंडरी स्कूल और कमला देवी मेमोरियल स्कूल में छात्राओं व महिलाओं को महिला सुरक्षा, बैड टच की पहचान और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 1930 की जानकारी दी।

### विद्यावती में भी हुआ कार्यक्रम



करंट क्राइम : थाना सिहानीगेट क्षेत्र के विद्यावती मुकुंदलाल गर्ल्स कॉलेज में मिशन शक्ति 5.0 पर विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रवेश कुमार पाण्डेय, दूधनाथ जायसवाल, अमृतलाल, कविता रानी, उत्तम त्रिपाठी, एसीपी नंदग्राम उपासना पाण्डेय, निरीक्षक अपराध व मिशन शक्ति प्रभारी श्री प्रताप, महिला कल्याण अधिकारी वन स्टॉप सेंटर प्रीति मलिक, प्राचार्या डॉ. रचना प्रसाद, टीना रानी (एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम), काउंसलर अंजना चौहान व सुमन लता, चौकी प्रभारी दयानंद नगर मान सिंह दयाल सहित अन्य उपस्थित रहे। गोष्ठी में छात्राओं को सरकार की योजनाओं, महिला अधिकारों और सुरक्षा उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

### साहिबाबाद, मोदी नगर और मसूरी तक चला अभियान

करंट क्राइम : इसी क्रम में साहिबाबाद क्षेत्र के रामलीला ग्राउंड लालचंद शर्मा स्कूल में पुलिस और एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व छात्राओं को महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा संबंधी जागरूकता दी। वहीं, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने मसूरी, निवाड़ी और मोदीनगर थानों पर बने मिशन शक्ति केंद्रों का निरीक्षण कर महिला कर्मियों को उनके दायित्वों से अवगत कराया और अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## संपादकीय

# समुद्री महत्त्वाकांक्षाएं

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जहाज निर्माण एवं समुद्री क्षेत्र के लिए 69,725 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। सरकार की इस पहल से भारत की क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। घरेलू समुद्री क्षमता मजबूत करने, दीर्घकालिक वित्त सक्षम बनाने, शिपयार्ड विकसित करने और मानव पूंजी निर्माण, इन चार स्तंभों पर केंद्रित इस पैकेज का दायरा काफी व्यापक एवं महत्त्वाकांक्षी है। यह ऊर्जा दक्षता और सतत विकास के व्यापक राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ भी फिट बैठता है। मात्रा के लिहाज से भारत का लगभग 95 फीसदी विदेशी व्यापार समुद्री मार्ग से होता है। भारत की भौगोलिक स्थिति भी इसके हक में जाती है। हिंद महासागर से कई प्रमुख वैश्विक जलमार्ग गुजरते हैं जिन्हें देखते हुए भारत व्यापार, लॉजिस्टिक्स और पोत रखरखाव के एक केंद्र के रूप में काम कर सकता है। मगर भारत का जहाज निर्माण उद्योग लंबे समय से चीन, दक्षिण कोरिया और जापान जैसे देशों से पीछे है। यह आंशिक रूप से आधी-अधूरी नीति, कर्ज जुटाने पर अत्यधिक लागत और शिपयार्ड ढांचे में कम निवेश का नतीजा है।

यह नया पैकेज एक एकीकृत दृष्टिकोण पेश करता है। जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना अब 24,736 करोड़ रुपये के पर्याप्त कोष और 4,001 करोड़ रुपये के ह्यशिपब्रेकिंग क्रेडिट नोटह्न के साथ वर्ष2036 तक बढ़ाई जाएगी। एक राष्ट्रीय जहाज निर्माण मिशन इस समग्र प्रयास का मार्गदर्शन करेगा, जिससे निरंतरता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। 25,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ समुद्री विकास कोष के सृजन के माध्यम से दीर्घकालिक वित्त समस्याओं के समाधान की उम्मीद है। इसमें समुद्री निवेश कोष और ब्याज प्रोत्साहन कोष शामिल हैं, जिन्हें परियोजना की विश्वसनीयता में सुधार और निजी पूंजी आकर्षित करने के मकसद से तैयार किया गया है। बड़े वाणिज्यिक जहाजों को बुनियादी ढांचे का दर्जा देने का हालिया निर्णय भी महत्त्वपूर्ण है। यह जहाज मालिकों को दीर्घकालिक एवं सस्ते ऋणों तक पहुंच हासिल करने में मदद करेगा।

पैकेज का एक और महत्त्वपूर्ण बिंदु कौशल पर ध्यान केंद्रित करना है। आधुनिक जहाज निर्माण के लिए सटीक इंजीनियरिंग, स्वचालन, डिजिटल-डिजाइन उपकरण और वैश्विक पर्यावरणीय मानकों का पालन आवश्यक है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के नियम अब ऊर्जा दक्षता और कम उत्सर्जन पर विशेष रूप से अधिक जोर दे रहे हैं। इन नियमों के अनुसार जहाजों को पर्यावरण अनुकूल, हल्का और आधुनिक होना चाहिए। अगर भारत भविष्य की मांग के अनुरूप आगे बढ़ना चाहता है तो ऐसे जहाज तैयार करने के लिए भारत के कार्यबल को हुनरमंद बनाना आवश्यक है। दुनिया में अधिकांश जहाज अब पुराने पड़ चुके हैं वहीं अब पर्यावरणीय मानदंड कड़े होते जा रहे हैं। दुनिया भर की जहाज कंपनियां ऐसे जहाज चाह रही हैं, जो कम ईंधन की खपत करने के साथ कम प्रदूषण उत्सर्जित करते हैं और एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) प्रणोदन, हाइब्रिड प्रणाली और डिजिटल संचालन उपकरण जैसी नई तकनीक को अपनाते हैं।

हालांकि, चुनौतियां अपनी जगह कायम हैं। दशकों से भारतीय शिपयार्ड कंपनियां लागत में बढ़ोतरी, परियोजना में देरी और अपर्याप्त नीतिगत समर्थन से जूझ रही हैं। इसे देखते हुए सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रोत्साहन प्रदर्शन आधारित हो, शिपयार्ड स्पष्ट मानकों से साथ आधुनिक बनाए जाएं और वित्त उपलब्ध कराने वाले माध्यम पारदर्शी और आसानी से उपलब्ध हों। निजी क्षेत्र को भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए। सफल होने के लिए भारतीय शिपयार्ड उद्योग को आक्रामक रूप से वैश्विक ऑर्डर देना चाहिए, स्थापित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ तकनीकी साझेदारी करनी चाहिए और निर्यात पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। सरकार को अपनी तरफ से बंदरगाहों पर लॉजिस्टिक से जुड़ी बाधाएं दूर करने जैसे उपायों पर भी ध्यान देना चाहिए। अगर ये प्रभावी ढंग से लागू किए जाएं तो समग्र पैकेज से जहाज निर्माण क्षमता में बढ़ोतरी होने, लगभग 30 लाख नौकरियों के सृजन और लगभग 4.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश आने की उम्मीद है। आर्थिक गुणा-भाग अपनी जगह हैं मगर यह पैकेज अनिश्चितताओं से भरे मौजूदा समय में राष्ट्रीय हितों के साथ ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा को मजबूती देगा।

# भारतीय उत्पादों पर अमेरिका की भारी टैरिफ से बढ़ सकती है चुनौती, क्रिसिल की रिपोर्ट में दावा



**नई दिल्ली।** अमेरिका की ओर से लगाया गया उच्च टैरिफ भारत के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टैरिफ से भारतीय वस्तुओं के निर्यात और निवेश दोनों पर असर पड़ेगा। हालांकि, नरम मुद्रास्फीति और ब्याज दरों में कटौती से प्रेरित घरेलू खपत से विकास को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

**देश की जीडीपी पांच तिमाहियों को उच्च स्तर पर पहुंची :** रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की जीडीपी वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में पांच तिमाहियों के उच्चतम स्तर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 7.4 प्रतिशत थी। हालांकि, इसी अवधि में नाममात्र जीडीपी वृद्धि दर 10.8 प्रतिशत से घटकर 8.8 प्रतिशत हो गई।

**सीपीआई में गिरावट की संभावना :** इसमें कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति चालू वित्त वर्ष में घटकर 3.5 प्रतिशत रह जाने की संभावना है, जो पिछले वर्ष 4.6 प्रतिशत थी। स्वस्थ कृषि विकास से खाद्य मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रहने की उम्मीद है। हालांकि अत्यधिक वर्षा के प्रभाव का अभी पूरी तरह से आकलन किया जाना बाकी है।

**रिजर्व बैंक कर सकता है ब्याज दरों में कटौती :** रिपोर्ट में कहा गया है कि कच्चे तेल की कम कीमतों और वैश्विक स्तर पर वस्तुओं की कीमतों में नरमी से गैर-खाद्य मुद्रास्फीति पर रोक लगने की उम्मीद है। मौद्रिक नीति के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक इस वित्त वर्ष में एक बार और ब्याज दर में कटौती कर सकता है, जिसके बाद कुछ समय के लिए रोक लग सकती है। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने फरवरी और जून 2025 के बीच रेपो दर में 100 आधार अंकों की कटौती की थी और अब वह पिछली कटौतियों के पूर्ण प्रसारण की प्रतीक्षा कर रही है।

# मुंबई हवाई अड्डे ने 50 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का स्वागत किया, यूएई से आए सबसे ज्यादा लोग



**नई दिल्ली।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) ने जनवरी 2025 और अगस्त 2025 के बीच 50 लाख से अधिक विदेशी यात्रियों का स्वागत किया। पिछले तीन वर्षों में, हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय आगमन 21 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा है। यह वैश्विक यात्रा मानचित्र पर मुंबई की लगातार बढ़ती प्रमुखता को उजागर करता है।

एक मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार, 55 अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों से सीधी कनेक्टिविटी के साथ, सीएसएमआईए ने इस क्षेत्र में सबसे अधिक वैश्विक रूप से जुड़े हवाई अड्डों में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। यूएई सीएसएमआईए का सबसे बड़ा स्रोत बाजार बना हुआ है। जहां जनवरी 2025 और अगस्त 2025 के बीच 15 लाख यात्री आएं।

इंग्लैंड 3.8 लाख यात्रियों के साथ दूसरे और थाईलैंड 3.2 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# चांदी ने 1900 रुपये उछाल के साथ तोड़े सभी रिकॉर्ड

## सोने में 330 रुपये की तेजी



**व्यापारियों ने कहा कि लगातार घरेलू मांग और त्योहारी खरीदारी की गति ने कमजोर वैश्विक संकेतों को संतुलित कर दिया है**

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन के दौरान स्टॉकिस्टों की भारी मांग के बीच सोने-चांदी की कीमतों में उछाल देखने को मिला। शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमत 1,900 रुपये की तेजी के साथ 1,41,900 रुपये प्रति किलोग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 330 रुपये बढ़कर 1,17,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 400 रुपए बढ़कर 1,17,100 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सरार्फा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

एसोसिएशन के अनुसार, मजबूत त्योहारी मांग और भौतिक बाजार में निवेशकों की मजबूत रुचि के कारण चांदी, जो गुरुवार को 1,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी, ने अपना रिकॉर्ड तोड़ने का सिलसिला जारी रखा।

**वैश्विक बाजार में गिरी सोने-चांदी का भाव :** हालांकि, वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में गिरावट दर्ज की गई। हाजिर सोना 0.12 प्रतिशत गिरकर 3,744.75 डॉलर प्रति औंस रह गया, जबकि चांदी 0.35 प्रतिशत गिरकर 45.03 डॉलर प्रति औंस रह गई।

व्यापारियों ने कहा कि लगातार घरेलू मांग और त्योहारी खरीदारी की गति ने कमजोर वैश्विक संकेतों को संतुलित कर दिया है। इससे स्थानीय बाजारों में सरार्फा कीमतों में तेजी बनी हुई है।

## राशिफल

**मेष :** प्रेम जीवन में खटास आएगी। अपने प्यार को खोते हुए देखना दुखद होगा, लेकिन समय के साथ समझौता एक बेहतर विकल्प की तरह लगने लगेगा।

**वृष :** आज लव लाइफ काफी मजेदार रहने वाली है। पार्टनर के साथ किया गया बवाल आपको हंसी से गुदगुदाएगा। सिंगल लोग गुपचुप तरीके से शादी करने की सोचेंगे।

**मिथुन :** आज आपका अधूरा प्यार पूरा होगा। लव लाइफ में आपको जितना सोचा था उससे ज्यादा खुशी आपको मिलेगी।

**कर्क :** प्यार की सीमाओं और सीमाओं को भूलकर आप अपने साथी को खुश रखने की पूरी कोशिश करने में सफल होंगे। सिंगल का दिल पुरानी यादों में डूबा रहेगा।

**सिंह :** आज लव लाइफ में पार्टनर की पहल का इंतजार करना गलत होगा, अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के अच्छे मौके हैं।

**कन्या :** आज दोस्तों आपके करीब रहने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। लव लाइफ में आपको खूब मजा आएगा।

**तुला :** प्यार से शादी करने का फैसला करेंगे, आने वाले समय में एक नया खूबसूरत मोड़ आएगा। दूसरों की लव लाइफ में जागेंगे भावनाएं, सपनों की दुनिया में खो जाएंगे।

**वृश्चिक :** एक्स को देखकर खुशी होगी। उससे मिलने की इच्छा जगेगी लेकिन प्यार को कलंकित नहीं करना चाहेंगे। दूसरों का प्रेम जीवन नशीले पदार्थों से भरा रहेगा।

**धनु :** आज अपने पार्टनर को खुश करने के लिए अपने दिल की बात जुबान पर लाएंगे तो मनमुटाव कम होगा। दूरियां निकटता में बदल जाएंगी।

**मकर :** आज आपका पार्टनर आपकी मर्जी के खिलाफ जाएगा और अंतरंग संबंध स्थापित करेगा। पुराने प्यार के साथ बिताए खूबसूरत पलों की यादें ताजा होंगी।

**कुंभ :** आज पार्टनर की बाहों में खूबसूरत पल बीतेंगे। एकल परिवार के सदस्यों से अपने दिल की बात कहने में देर न करें, कहीं ऐसा न हो कि शुभ मुहूर्त निकल जाए।

**मीन :** आज पार्टनर के प्यार भरे शब्द सुनकर बड़ी खुशी का पल आएगा, लेकिन प्रेम जीवन में उनका प्रदर्शन निराश करेगा।

## चुटकुले

रेलवे स्टेशन पर
बेगम : प्यास लगीं है पानी तो ला दो
शेख : क्यो ना चिकन बिरयानी खिलाऊ?
बेगम : वाह मुँह मैं पानी आ गया
शेख : बस इसी पानी से काम चला लो!!

---

वैलेंटाइन के दिन लड़का सुबह ही तैयार हो गया
पिता– बेटा कहां जा रहा है?
बेटा– अरे पापा, आज वैलेंटाइन डे है ना
पिता– मतलब तेरी भी गर्लफ्रेंड है?
बेटा– अरे नहीं पापा मैं तो कपल्स पर लाठी चार्ज करने जा रहा हूं

---

चिंटू केले खरीदने गया
चिंटू– एक केला कितने का है भाई ?
दुकानवाला– दस रुपए का है
चिंटू– चार रुपए में दे दे
दुकानवाला– चार रुपए में छिलका दूंगा
चिंटू– ये ले छह रुपए, सिर्फ केला दे दे छिलका तू रख ले

# 8.9 अरब डॉलर का सरकारी दांव और एनवीडिया की एंट्री

## क्या संकटग्रस्त इंटेल के दिन बदलने वाले हैं?




**नई दिल्ली।** क्या आप जानते हैं कि सफेद चाय और हरी चाय एक ही पौधे से आती हैं? फर्क सिर्फ इसकी प्रोसेसिंग में होती है। सुबह-सुबह पहले तोड़ी गई कोमल पत्तियां बेहतरीन मानी जाती हैं और इनकी कीमत 10,000 प्रति किलो तक होती है। लेकिन जरा-सी चूक के बाद वही पत्तियां साधारण चाय बन जाती हैं। इसकी कीमत कुछ सौ रुपये किलो से ज्यादा नहीं होती। कंप्यूटर प्रोसेसर की दुनिया भी कुछ ऐसी ही है। एक ही सेमीकंडक्टर वेफर्स से इंटेल के,3,,5,,7 और,9 जैसे प्रोसेसर निकलते हैं। लेकिन हर चिप अपने तय मानक पूरे नहीं कर पाता। नतीजतन, बेहतरीन क्वालिटी वाले कम और निचले स्तर के प्रोसेसर ज्यादा बनते हैं। यही वजह है कि हाई-एंड,9 जैसे चिप्स की उपलब्धता बेहद सीमित रहती है।

**क्या है इंटेल की गिरावट और के उदय की कहानी? :** कभी चिप निर्माण का मानक माना जाने वाला इंटेल समय के साथ पिछड़ता चला गया।

ताइवानी प्रतिद्वंद्वी बेहतरीन उत्पादन देने लगे, जबकि इंटेल के उन्नत मैन्युफैक्चरिंग नोड्स बार-बार विफल रहे। इंटेल ने अपने संसाधनों की बहुत ज्यादा बबार्दी की। बहुत सारा समय गंवाया। 2015 तक इंटेल की फाउंड्री के मामले में लीडरशिप खत्म हो गई और 2021 में कंपनी को अपने उत्पादन भी ळरटउ को आउटसोर्स करने पड़े। नतीजा कंपनी के प्रतिद्वंद्वी एएमडी ने प्रदर्शन और वैल्यू-फॉर-मनी दोनों मामलों में बढ़त हासिल कर ली, दूसरी ओर इंटेल बार-बार अपने सबसे महत्वाकांक्षी डिजाइनों में देरी करता रहा। नतीजा चिप निर्माण के मामले में अमेरिका की आत्मनिर्भरता कम होती चली गई और टेक मार्केट में अमेरिका का दबदबा कम होने का रिस्क बढ़ने लगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 2012 में मिस्र की यात्रा के दौरान, हिलेरी क्लिंटन का टमाटर और जूते के साथ स्वागत हुआ, जबकि प्रदर्शनकारियों ने 'मोनिका, मोनिका' का नाम चिल्ला रहे थे।
- टमाटर कई अलग-अलग तरीकों से खाया जाता है, फल की तरह कच्चा होता है, कई व्यंजनों, सॉस, साल्सा, सलाद, केचप या टमाटर के सूप में संसाधित होता है।
- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया। जाम्बियन ने समझाया, यही कारण है कि हमारे यहां कोई कृषि नहीं है।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर बेहतर होते हैं, टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी


दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

28 09 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन



रणवीर कपूर
अभिनेता



गौरव | आदर्श तोमर | सोनम पाल | इंद्रजीत सिंह टीटू



सोनम पाल | स्नेहा सिसोदिया | तमन्ना खन्ना | काजोल | देवेंद्र हितकारी



दिशांत त्यागी | सर्वेश हेमेंद्र नारायण राय | हरीश ठाकुर | प्रदीप गुप्ता | अभिषेक सिंह | जतिन गोस्वामी | वैभव तौमर



अंकुर भाटी | प्रकाश जोशी | राहुल सिंह | राज भारद्वाज | राजपूत राज | संजय शर्मा | नितिन बंसल



राहुल सक्सेना | विकास तोमर | हेमराज माहौर | सुशील कुमार | रोबिन तिलकराज गौड़ | अमित त्यागी | ऋतिक शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# शीतल देवी बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन

**नई दिल्ली।** 18 साल की भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने इतिहास रच दिया। बिना हाथों के खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। शीतल ने तुर्किये की विश्व नंबर 1 ओजनुर क्योर गिरदी को 146-143 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। शीतल देवी इस प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर तीर चलाती हैं। यह इस चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक था।

इसके अलावा तोमन कुमार ने कंपाउंड पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय राकेश कुमार को तकनीकी दिक्कत के कारण हटने के लिए बाध्य होना पड़ा जिससे वह फाइनल में 20-40 से हार गए। पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता राकेश को धनुष में पुली की समस्या के कारण चार शॉट के बाद हटना पड़ा। इससे विश्व चैंपियनशिप में डेब्यू कर रहे तोमन ने चार सटीक तीर के साथ खिताब अपने नाम कर लिया।



शीतल ने इससे पहले कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में तोमन कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी जोडी ग्रिनहैम और नाथन मैकक्वीन को 152-149 से हराया। महिला कंपाउंड ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता की जोड़ी को फाइनल में तुर्की से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। व्यक्तिगत फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पहला राउंड 29-29 से बराबर रहा, लेकिन शीतल ने दूसरे राउंड में लगातार तीन 10 मारते हुए बढ़त हासिल की और 30-27 से राउंड जीता।

तीसरा राउंड फिर बराबर 29-29 पर छूटा। चौथे राउंड में शीतल से हल्की चूक हुई और उन्होंने 28 अंक बनाए, जबकि गिरदी ने एक अंक से यह राउंड जीता। हालांकि, शीतल अभी भी 116-114 से दो अंकों की बढ़त पर थीं। शीतल ने अंतिम राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन परफेक्ट 10 मारकर 30 अंक बनाए और गोल्ड मेडल पक्का किया। यह उनका पहला व्यक्तिगत विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक है। सेमीफाइनल में जम्मू-कश्मीर की इस खिलाड़ी ने ब्रिटेन की जोडी ग्रिनहैम को 145-140 से

**- शीतल ने तुर्किये की विश्व नंबर 1 ओजनुर क्योर गिरदी को 146-143 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। शीतल देवी इस प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर तीर चलाती हैं।**

हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। यह फाइनल मुकाबला 2023 पिलसेन वर्ल्ड चैंपियनशिप का रीमैच था, जहां गिरदी ने शीतल को 140-138 से हराया था। इस बार शीटल ने बदला लेते हुए जीत हासिल की।

ओपन टीम फाइनल में शीतल और सरिता की जोड़ी ने शुरूआत दमदार की थी। भारतीय जोड़ी ने पहले राउंड में तुर्किये की जोड़ी ओजनुर क्योर गिरदी और बुर्सा फात्मा उन को 38-37 से पछाड़ दिया। लेकिन दूसरे राउंड में तुर्किये की जोड़ी ने वापसी की और स्कोर 76-76 से बराबर कर दिया। तीसरे राउंड में भारतीय जोड़ी दबाव में आ गई और केवल 36 अंक बना सकी, जबकि तुर्किये ने 37 अंक लेकर बढ़त हासिल कर ली। अंतिम राउंड में तुर्किये की जोड़ी ने लगभग परफेक्ट स्कोर 39/40 बनाया। भारतीय टीम केवल 36 अंक बना सकी, जिसमें एक तीर 7-रिंग में लगा। इस तरह तुर्किये ने चार अंकों के अंतर से स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक चीन ओपन के तीसरे दौर में, युआन यू को सीधे सेटों में हराया



**विंबलडन।** विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने शनिवार को युआन यू को सीधे सेट में 6-0, 6-3 से हराकर चीन ओपन टेनिस टूनार्मेंट के तीसरे दौर में प्रवेश करके डब्ल्यूटीए टूर में इतिहास रच दिया।

डब्ल्यूटीए ने कहा कि शनिवार की जीत के साथ स्वियातेक लगातार तीन सत्र में डब्ल्यूटीए-1000 स्पधाओं में 25 या उससे अधिक जीत दर्ज करने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं।

अन्य मुकाबलों में चौथी वरीयता प्राप्त मीरा आंद्रीवा ने चीन की झू लिन को 6-2, 6-2 से हराया जबकि अमेरिका की ऐमा नवारो ने एलेना-गैब्रियल रुसे को 6-3, 7-6 से शिकस्त दी।

# ग्लोबल शतरंज लीग में इस टीम से खेलेंगे गुकेश और एरिगैसी, 13 दिसंबर से खेला जाएगा टूर्नामेंट





**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अर्जुन एरिगैसी जैसे शीर्ष भारतीय ग्रैंडमास्टर अगामी ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में पीबीजी अलास्का नाइट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। पीबीजी अलास्का नाइट्स फ्रेंचाइजी इस लीग के तीसरे सत्र के लिए शुक्रवार को आयोजित खिलाड़ियों के ड्राफ्ट से भारत के इन दोनों शीर्ष खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने में सफल रही। टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल पर छह टीमों वाले जीसीएल का तीसरा सत्र 13 से 24 दिसंबर तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। अल्पाइन एसजी पाइपर्स ने अमेरिका के ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को अपने साथ जोड़ा। पीबीजी अलास्का नाइट्स ने अन्य फ्रेंचाइजी टीमों को पछाड़कर गुकेश को अपनी टीम में शामिल किया। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद गंगा ग्रैंडमास्टर्स के साथ बने रहे। विश्व के पांचवें नंबर के एरिगैसी के लिए तीन टीमों ने कड़ी बोली लगाई लेकिन अंत में पीबीजी अलास्का नाइट्स ने बाजी मारी। अमेरिका के ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो ने अपग्रेड मुंबा मास्टर्स द्वारा चुने गये। गंगा ग्रैंडमास्टर्स ने 20 वर्षीय विंसेंट कीमर के साथ अपनी टीम को और मजबूत किया।

# चार दिवसीय राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इन धावकों के प्रदर्शन पर रहेगा ध्यान

**ओडिशा।** अगले साल होने वाले एशियाई खेलों के लिए चार गुणा 100 मीटर रिले टीम के गठन के मद्देनजर शनिवार से यहां शुरू हो रही चार दिवसीय राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में धावकों के प्रदर्शन पर ज्यादा ध्यान रहेगा।

ओडिशा के धावक अनिमेष कुजूर इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे क्योंकि उन्होंने हाल ही में टोक्यो में हुई विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था। कुजूर 100 मीटर और 200 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं।



राष्ट्रीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने कहा, '2026 एशियाई खेलों की तैयारी के लिए राष्ट्रीय चार गुणा 100 मीटर रिले टीम के लिए पुरुष और महिला वर्ग में 100 मीटर के संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।'

नायर ने कहा कि चैंपियनशिप के दौरान चुने जाने वाले शीर्ष छह धावकों के अलावा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) 2025 में समग्र प्रदर्शन के आधार पर चार गुणा 100 मीटर रिले समूह में दो और एथलीटों को शामिल करेगा। नायर ने कहा, '2026 एशियाई खेलों की तैयारी के लिए शीर्ष धावक एक ही छत्र के नीचे होंगे। पुरुषों की टीम मुंबई में रहेगी जबकि महिलाओं की टीम त्रिवेंद्रम में होगी।' एशियाई खेल जापान में 19 सितंबर से 14 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। पुरुषों की 100 मीटर स्पर्धा के लिए 40 धावकों ने पंजीकरण कराया है।

तमिलनाडु के रघुल कुमार जी, सेना के पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक मणिकांत होब्लीधर और रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाले अमलान बोरगोहेन जैसे शीर्ष धावक इस स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगे। पुरुषों वर्ग का पोल वॉल्ट, महिलाओं की चक्का फेंक और महिलाओं की त्रिकूद प्रतियोगिताएं शनिवार को होंगी। इस घरेलू ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिता में 700 से अधिक एथलीट हिस्सा लेंगे।

# जूनियर विश्व कप में चमकी रश्मिका-कपिल की जोड़ी

## एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता सोना



**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजों ने शनिवार को आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दबदबा बनाते हुए शीर्ष दो स्थान हासिल किए। हाल ही में कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप की महिला और पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाली रश्मिका और कपिल ने इस प्रतियोगिता के तीसरे दिन एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। रश्मिका और कपिल ने खिताबी दौर में वंशिका चौधरी और एंटोनी जोनाथन गेविन की एक अन्य भारतीय जोड़ी को 16-10 से हराया। इनेस ओटेर्गा कास्त्रो और लुकास सांचेज की स्पेन की जोड़ी ने पेरिमाह अमीरी मोहम्मद रेजा अहमादी की ईरान की जोड़ी को 16-14 से हराकर कांस्य पदक जीता।

### रश्विमका-कपिल ने शुरूआत से बनाया दबाव

रश्मिका और कपिल की जोड़ी ने शुरूआत से ही दबदबा बनाया और क्वालिफिकेशन में 582 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। दोनों ने समान 291 अंक जुटाए। वंशिका और गेविन की जोड़ी ने क्रमशः 287 और 291 अंक से कुल 578 अंक के साथ फाइनल में प्रवेश किया। एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में क्वालिफिकेशन दौर के बाद शीर्ष दो जोड़ियां स्वर्ण पदक के लिए मुकाबला करती हैं जबकि अगली दो जोड़ियां कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करती हैं।

फाइनल में भी एकतरफा मुकाबला देखने को मिला। रश्मिका और कपिल ने शुरूआती बढ़त बनाई और फिर विरोधी जोड़ी को वापसी करने का मौका नहीं दिया। शुक्रवार को पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल खिताब जीतने वाले गेविन ने काफी गलतियां की। उन्होंने 9.9 के बाद 10.5 और 10.6 अंक जुटाए लेकिन इसके बाद लगातार तीन प्रयास में 9.7, 9.8 और 9.5 ही हासिल कर पाए। वंशिका ने भी तीन निशाने नौ अंक से कम पर मारे जिससे स्वर्ण पदक इस जोड़ी के हाथों से फिसल गया।

### जूनियर पुरुष स्कीट में पदक से चूका भारत

जूनियर पुरुष स्कीट में भारत पदक से चूक गया जब छह निशानेबाजों के फाइनल में हरमेहर सिंह लाली और अतुल सिंह राजावत 35 और 25 अंक के साथ क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। इटली के मार्को कोको ने 56 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि फिनलैंड के लेसी मतियास कोपिनेन (53) और साइप्रस के आंद्रियास पोंटिकिस (43) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया। भारत अभी तीन स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल नौ पदक जीतकर शीर्ष पर है। व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ी (एआईएन) दो स्वर्ण पदक के साथ दूसरे जबकि इटली एक स्वर्ण और एक रजत के साथ तीसरे स्थान पर है।

# शक्ति पी.टी.एम. का जिले भर में उत्साहपूर्वक आयोजन बालिकाओं को आत्मरक्षा व जिम्मेदारी की दी गई शिक्षा





**नई दिल्ली।** जिलाधिकारी, गाजियाबाद के निर्देशानुसार शनिवार को जिले के समस्त विद्यालयों में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत शक्ति पी.टी.एम. (पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग) का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर 446 परिषदीय विद्यालयों, 23 सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं 04 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं के अभिभावकों ने सक्रिय सहभागिता की।

पी.टी.एम. के दौरान अभिभावकों को निपुण भारत मिशन, बच्चों की अधिगम उपलब्धियों, तथा शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। बालकों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, साथ ही अभिभावकों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। निपुण आकलन के माध्यम से बच्चों की प्रगति का प्रस्तुतीकरण अभिभावकों के समक्ष किया गया और बच्चों के प्रति अभिभावकीय जिम्मेदारियों पर संवाद भी हुआ। मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत बालिकाओं को स्थानीय पुलिस चौकी का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया, जहां उन्हें एफ.आई.आर. दर्ज करने की प्रक्रिया, थाना संचालन की कार्यप्रणाली एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति सजग बनाना, आत्मविश्वास बढ़ाना और निर्भीकता का भाव विकसित करना था।

इस अवसर पर कक्षा 1 से 8 तक के 1241 निजी विद्यालयों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला स्तरीय महिला अधिकारियों को विभिन्न विद्यालयों में निरीक्षण हेतु भेजा गया, जिन्होंने विद्यालयों का भ्रमण कर पी.टी.एम. की गतिविधियों का अवलोकन किया।

# 'हमसे उनका क्या मुकाबला...', भारतीय मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने दिखाए पाकिस्तान को तेवर; लगाई लताड़




**नई दिल्ली।** स्टार हॉकी मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने शुक्रवार को कहा कि क्रिकेट की ही तरह हॉकी में भी पाकिस्तान का भारत से कोई मुकाबला नहीं है। एक समय में हॉकी की दिग्गज मानी जाने वाली पाकिस्तानी टीम ने चार बार ओलंपिक स्वर्ण जीता है जबकि भारत आठ बार की ओलंपिक चैंपियन है। पिछले कुछ साल में भारत ने हालांकि लगातार दो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर वापसी की है लेकिन पाकिस्तान में हॉकी पतन की राह पर है। हार्दिक ने 'इंडिया टुडे कांक्लेव' में कहा, 'मुझे लगता है कि इस समय तो कोई मुकाबला नहीं है तो इस पर बात करना बेकार है। दोनों टीमों के बीच बहुत अंतर है। मुझे लगता है कि उनके खिलाड़ी अच्छे हैं पर सुविधायें नहीं मिल रही है। उन्होंने आखिरी बार हमें 2014 में हराया था। उसके बाद से पाकिस्तान ने भारत को हॉकी में नहीं हराया है। पिछले बारह साल से हम उनसे हारे नहीं है।' पाकिस्तान ने अगस्त सितंबर में बिहार के राजगीर में हुए एशिया कप हॉकी टूनार्मेंट में भाग नहीं लिया था। भारत ने वह टूनार्मेंट जीतकर अगले साल अगस्त में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिये क्वालिफाई किया।

# ताइक्वांडो में उधमपुर और डोडा की खिलाड़ियों का दबदबा

**जम्मू।** जिला स्तरीय अंतर-संभाग लड़कियों की ताइक्वांडो प्रतियोगिता के मुकाबले शुक्रवार को भगवती नगर इनडोर हॉल में खेले गए। इसमें विभिन्न जिलों की 150 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का आयोजन युवा सेवाएं एवं खेल विभाग जम्मू ने किया। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में अंडर-14 वर्ग में उधमपुर की लड़कियां सबसे आगे रहीं। आरती देवी (22 किलोग्राम भार वर्ग), बबली देवी (24 किग्रा), अंजई देवी (26 किग्रा) और नाजिया (29 किग्रा) ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। डोडा की खिलाड़ी भी चमकीं। मुबीना बानो (26 किग्रा, रजत) और सलीमा बानो (29 किग्रा, कांस्य) विजेता रहीं। पुंछ की सना चौहान (32 किग्रा) और डोडा की भूमिका ठाकुर (35 किग्रा, ग्रुप-1) ने भी स्वर्ण जीता। अंडर-17 वर्ग में पुंछ की अमीना कौसर (32 किग्रा) और डोडा की आइरा फातिमा (49 किग्रा) ने स्वर्ण पदक जीते। 55 किलोग्राम भार वर्ग में डोडा की मोइअज बतूल और 63 किग्रा (ग्रुप-1) में जम्मू की सोहा साहेर ताक स्वर्ण पदक विजेता बनीं। पुंछ की एकता कपूर ने 63 किग्रा (ग्रुप-2) वर्ग में स्वर्ण जीता।

## भारतीय टीम का विजय रथ जारी...

# सुपर ओवर में श्रीलंका को हराया पथुम निसंका का शतक बेकार



**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 के मैच नंबर-18 में 26 सितंबर (शुक्रवार) को भारत और श्रीलंका की टक्कर हुई। दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने श्रीलंका पर सुपर ओवर में जीत हासिल की। भारत ने श्रीलंका को जीत के लिए 203 रनों का टारगेट दिया था। जवाब में श्रीलंका ने भी 20 ओवर में पांच विकेट पर 202 रन बनाए और मैच सुपर ओवर में गया।

सुपर ओवर में श्रीलंका ने 2 रन बनाए, यानी भारत को जीत हासिल करने के लिए 3 रनों की दरकार थी। अर्शदीप सिंह के उस ओवर में पहली गेंद पर कुसल परेरा आउट हुए। फिर अगली गेंद पर कामिंदु मेंडिस ने एक रन लिया। अगली गेंद पर दासुन शनाका कोई रन नहीं बना सके। फिर अर्शदीप ने वाइड गेंद फेंकी। ओवर की चौथी लीगल गेंद पर कोई रन नहीं बना। जबकि पांचवीं बॉल पर दासुन शनाका कैच आउट हुए। फिर 3 रनों के टारगेट को भारतीय ने पहली ही गेंद पर हासिल कर लिया। सुपर ओवर में वानिंदु हसारंगा की पहली ही गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने तीन रन बना लिए।

भारतीय टीम पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी थी, जहां उसका सामना 28 सितंबर (रविवार) को पाकिस्तान से होना है। दूसरी ओर श्रीलंकाई टीम की खिताबी मुकाबला खेलने का सपना चूर-चूर हो चुका था

### ऐसी रही श्रीलंका की पारी

टारगेट का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरूआत खराब रही और उसने कुसल मेंडिस का विकेट सस्ते में गंवा दिया। यहां से पथुम निसंका और कुसल परेरा क्रीज पर जम गए। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 127 रनों की पार्टनरशिप की। कुसल परेरा ने 32 गेंदों पर 58 रन बनाए, जिसमें 8 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा। वरुण चक्रवर्ती ने कुसल परेरा को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद भारत ने चरिथ असलंका और कामिंदु मेंडिस के विकेट भी झटक लिए। लेकिन निसंका ने शतक जड़कर मैच को रोमांचक बना दिया।

पथुम निसंका ने 7 चौके और 6 छक्के की मदद से 58 गेंदों पर 107 रन बनाए। आखिरी ओवर में श्रीलंका को जीत के लिए 12 रन बनाने थे। हर्षित राणा के उस ओवर में पहली गेंद पर निसंका आउट हो गए। अगली गेंद पर जनिथ लियानागे ने 2 रन लिए।जबकि तीसरी गेंद पर उन्होंने बाई के तौर पर एक रन लिया। चौथी गेंद पर दासुन शनाका ने दो रन लिए, वहीं पांचवीं गेंद को उन्होंने चौके के लिए भेजा। आखिरी गेंद पर श्रीलंका को 3 रन बनाने थे, लेकिन शनाका दो रन ही बना सके और मैच सुपर ओवर में गया।

# इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी में डांडिया रास के दौरान दो गुटों में मारपीट




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम शिप्रा सेंसिटिव में नवरात्रि के अवसर पर आयोजित डांडिया रास कार्यक्रम में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। यह घटना शिप्रा सनसिटी में हुई, जहां आसपास की सोसायटी से बड़ी संख्या में युवक और युवतियों ने भाग लिया था। रॉयल टावर, कृष्णा विस्टा साया सोसाइटी के युवकों के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। एक गुट के लड़कों ने दूसरे गुट के



लड़कों की जमकर पिटाई कर दी। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। नवरात्रि के दौरान डांडिया रास एक पारंपरिक लोक नृत्य है, जो देवी दुर्गा की आराधना के लिए किया जाता है। यह नृत्य गुजरात की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और अब पूरे देश में इसका आयोजन किया जाता है।

इस मामले में अभी तक पुलिस को कोई शिकायत नहीं दी गई है। हालांकि, इस मामले को लेकर सोसाइटी में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए हैं लोगों का कहना है कि आयोजन कताओं को इस व्यवस्था का ध्यान रखना चाहिए था की भीड़ को कंट्रोल कर सके।

वार्ड 100 के पार्षद संजय सिंह ने आरडब्ल्यूए और लोगों के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर बैठक की है। पार्षद संजय सिंह ने कहां की सेंट्रल पार्क में होने वाले आयोजनों पर भारी लोगों पर पाबंदी लगनी चाहिए। जिससे सोसाइटी में शांति बनी रहे कई बार बाहरी लोग आकर हंगामा करते हैं, और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी दौरान जैसे डांडिया कार्यक्रम हुआ और भीड़ अधिक आई इस दौरान बाहरी लोगों को आना और हंगामा करना मार पिटाई करना इससे बचने के लिए सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए।

# एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने किया कवि नगर व मसूरी थाने का निरीक्षण

## मिशन शक्ति की तैयारियों का लिया जायजा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एडिशनल सीपी क्राइम एवं मुख्यालय केशव कुमार चौधरी ने नगर जोन के थाना कविनगर, ग्रामीण जोन के थाना मसूरी व ट्रांस हिण्डन जोन के थाना लिंकरोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों का हाल जाना।

**- महिलाओं व बालिकाओं को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने, उनके सम्मान की रक्षा करने के दिये निर्देश**

निरीक्षण के समय एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने केन्द्र में उपलब्ध संसाधनों एवं प्रचलित रजिस्टरों की जांच की। उन्होंने वहां तैनात कर्मियों को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए महिलाओं व बालिकाओं को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने, उनके सम्मान की रक्षा करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर थाना कवि नगर में एसीपी कवि नगर सूर्यबली मौर्य, थाना प्रभारी कवि नगर अनुराग शर्मा, एसीपी मसूरी लिपि नगायच और लिंक रोड थाना प्रभारी अरविंद पाठक मौजूद रहे।

# साइबर ठगों ने 2 लोगों से 27.29 लाख रुपए ठगे, जालसाजों ने इस तरह से बनाया शिकार; जांच में जुटी पुलिस



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** साइबर ठगों ने अलग-अलग दो लोगों से 27.29 लाख रुपए की ठगी कर ली। इंदिरापुरम क्षेत्र के वसुंधरा में रहने वाले ध्रुव वालिया से टेलीग्राम टास्क के जरिए 14.49 लाख रुपए की ठगी की। जबकि साहिबाबाद के राजेंद्र नागर में रहने वाले दिनेश मिश्रा के साथ ऑनलाइन फ्राड करने वालों शेयर ट्रेडिंग के फर्जी एप पर निवेश कराकर 12.80 लाख रुपए ठग लिए। दोनों पीड़ितों ने साइबर थाने में मुकदमे दर्ज कराए हैं।

# बोंगोतरु दुर्गा पूजा में सिल्वर जुबली का जश्न

## 25 साल पहले 6 परिवारों में शुरू की थी दुर्गा पूजा आज है ढाई सौ परिवार




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी में बोंगोतरु दुर्गा पूजा के अंतर्गत स्वप्न के 25 सिल्वर जुबली शारदोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जो संस्कृति और समुदाय के 25 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है।

इस वर्ष का थीम सपनों की दुनिया पंडाल बोंगोतरु की 25 साल पहले की साधारण शुरूआत से एक संपन्न समुदाय तक की यात्रा को दशार्ता है। जटिल डिजाइनों, प्रतीकात्मक रूपांकनों और प्रकाश व रंग के रचनात्मक उपयोग के साथ, पंडाल लचीलेपन, विरासत और विरासत को खूबसूरती से चित्रित करता है। इसके केंद्र में नव दुर्गा प्रतिमा है, जिसे पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर के कारीगरों द्वारा गढ़ा गया है। समारोह में सांस्कृतिक प्रदर्शन और शिक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण में प्रभावशाली सीएसआर पहल शामिल होंगी।

बोंगोतरु के अध्यक्ष सूरजित दे पुरकायस्थ, महासचिव बासब भट्टाचार्य और कोषाध्यक्ष बिस्वजीत राउत ने सभी को इस विशेष यात्रा में हार्दिक स्वागत किया है। मीडिया प्रभारी डॉ. अरुणिमा सिंघल ने बताया कि इस बार जो माता की प्रतिमा स्थापित की गई है कपड़े पहनने की जरूरत में पेट से ही इस तरह दिख रही है जैसे कपड़े पहने हुए हैं।

# उत्तराखंड जन कल्याण सांस्कृतिक समिति में रामलीला का मंचन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तराखंड जन कल्याण सांस्कृतिक समिति, डी ब्लॉक नंदा देवी पार्क बृज विहार द्वारा आयोजित रामलीला के चौथे दिन का मंचन आकर्षक रहा। इस अवसर पर दशरथ-कैकेयी संवाद और राम वनवास तक की लीला मंचन दिखाया गया।

संस्था के महासचिव ने बताया कि दशरथ का अभिनय मोहन चंद पांडे ने, कैकेयी का अभिनय मनीषा जोशी ने, कौशल्या का अभिनय भागाश्री ने, सुमित्रा का अभिनय उर्मिला बिष्ट ने और सीता का अभिनय भारती बिष्ट ने किया। सभी कलाकार बृज विहार में निवास करते हैं और उन्होंने बहुत ही सुंदर अभिनय किया।

संस्था के महासचिव ने बताया कि आगामी दिनों में और भी सुंदर दृश्य और अभिनय दिखाया जाएगा। उत्तराखंड जन कल्याण सांस्कृतिक समिति बृज विहार गाजियाबाद द्वारा आयोजित रामलीला का मंचन दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उत्तराखंड जन कल्याण सांस्कृतिक समिति की स्थापना उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। समिति द्वारा समय-समय पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

# नमो भारत कॉरिडोर पर अब ड्रोन से निगरानी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर ड्रोन-आधारित ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) मॉनिटरिंग प्रणाली की शुरूआत की है। रेलवे, आरआरटीएस और मेट्रो प्रणालियों के रखरखाव के क्षेत्र में यह एक बड़ा कदम है। ड्रोन द्वारा की जाने वाली मॉनिटरिंग का प्रबंधन कॉरिडोर के संचालन और रखरखाव में एनसीआरटीसी के पार्टनर डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में किया जाएगा।

एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों, थर्मल सेंसर और एआई-संचालित एनालिटिक्स से लैस ये ड्रोन, स्मार्ट, सुरक्षित और तीव्र गति से ओएचई की निगरानी करने में सक्षम हैं। ये ड्रोन ओवरहेड लाइनों की डिटेल दृश्य कैप्चर करते हैं। इससे ओएचई की ढीली फिटिंग, इंसुलेशन संबंधी समस्याओं या हॉटस्पॉट जैसी समस्याओं के शुरूआती संकेतों का पता लगाया जा सकता है।

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने कहा कि इस ड्रोन आधारित ओएचई मॉनिटरिंग प्रणाली की शुरूआत के साथ नमो भारत सेवाओं की सुरक्षा और विश्वसनीयता और मजबूत हुई है। इसके द्वारा पूर्वानुमानित और तकनीक-संचालित रखरखाव सक्षम हुआ है जो यात्रियों के लिए एक निर्बाध, आरामदायक और भरोसेमंद यात्रा सुनिश्चित करता है। डीबी ईसीओ ग्रुप और डीबी इंटरनेशनल ऑपरेशंस के सीईओ निको वॉरबनॉफ ने कहा कि ड्रोन का उपयोग सुरक्षा, नवाचार और दूरदर्शिता के प्रति हमारी संयुक्त प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# एलिवेटेड रोड पर स्पीड कार ने पीछे से दूसरी कार को मारी टक्कर, गाडी पलटी, लगा जाम

गाजियाबाद, करंट क्राइम। एलिवेटेड रोड पर एक कार ने दूसरी कार में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार पलट गई। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार, कौशांबी थाना क्षेत्र के तहत आने वाले एलिवेटेड रोड पर एक कार का संतुलन खोने से आगे जा रही एक अन्य कार को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि कार चालक की आंख में कुछ जाने की वजह से उसका संतुलन बिगड गया। और उसकी कार सामने जा रही कार से टकरा गई। टकराने के बाद कार पलट गई। घटना के बाद अन्य कारें भी रूक गई। इससे वहां जाम की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को सीधा कर आवाजाही शुरू की। कार चालक को मामूली चोट आई है। पुलिस का कहना है कि कार चालक ने ब्रेक मारी, इसके बाद भी कार सामने जा रही एक कार से टकरा गई।




# किसका गिरेगा कमिश्नरेट में पहला विकेट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार वीसी के जरिए मीटिंग और कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर बनाने के लिए प्लानिंग चल रही है। इसी बीच सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते दिनों साहब के निर्देशन में लखनऊ वाले आदेश को अमल करने के लिए वीसी का आयोजन किया गया था। इस वीसी में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सभी प्रमुख और महत्वपूर्ण अधिकारी व थाना प्रभारी शामिल थे। पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि लखनऊ से ऐसा फरमान सुनाया गया है कि किसी भी थानाक्षेत्र में चेन स्नेचिंग या महिला अपराध होने पर उस इलाके के थाना प्रभारी की सीट खाली हो सकती है यानी सीधे शब्दों में कहा जाए तो जहां पर महिला के साथ ल या कोई गंभीर अपराध का मामला हुआ, तो वहां के कोतवाल का विकेट गिर सकता है या उन पर कड़ी और बड़ी कार्रवाई हो सकती है। अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर लूट वाले मामले को लेकर इस कार्रवाई वाला पैटर्न शुरू हुआ तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पहला विकेट किस कोतवाल का गिरेगा इसकी चर्चा इन दिनों कमिश्नरेट वाले सिस्टम में जमकर




चल रही है। वह थाना नदिया पार वाला होगा या सिटी वालों के साथ देहात पर गाज गिरेगी। अब पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र के कुछ खास लोगों से मिली जानकारी के अनुसार कहा जा रहा है कि इस नए आदेश का असर सिटी वाले जोन पर ज्यादा पड़ सकता है। यहां के मामले हाई प्रोफाइल और हाइलाइटेड होते हैं। उधर लगातार जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में मीटिंगों का दौर चल रहा है, तो उसी के बीच जानकारी मिली है कि शुक्रवार को पूरे कमिश्नरेट में विशेष अलर्ट वाला मोड रखा गया था। पर मीटिंग की वजह से एक मैडम अपने इलाके में गश्त और अभियान में शामिल नहीं हो पाई। उन्हें मीटिंग में रहने के आदेश दिए गए। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाला सिस्टम इन दिनों मिशन शक्ति की वजह से सोशल मीडिया पर जमकर छाया हुआ है। कभी हाफ एनकाउंटर हो रहा है। तो कभी दिनदहाड़े ई-रिक्श चोरों से महिला ब्रिगेड का सामना हो रहा है। कभी महिलाएं शेरनियों की तरह वाहनों पर सवार हो रही हैं। तो कभी वह कोतवाल की कुर्सी पर भी विराजमान हो रही हैं। कुल मिलाकर बीते कई दिनों से जिस तरीके से मिशन शक्ति 5.0 का मिशन चल रहा है। वह शनिवार को भी जारी रहा और कमिश्नरेट वाले सिस्टम के कई स्कूल- कॉलेज और अन्य स्थानों पर कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं। कुल मिलाकर चर्चा है कि अगर लूट वाले मामले पर लाइन हाजिर और सस्पेंशन वाली कार्रवाई हुई तो पुलिस कमिश्नरेट में यहां कतर बेहद लंबी हो सकती है।

# टेक्सटाइल्स इंस्टीट्यूट निट्रा का 20वां दीक्षांत समारोह आयोजित, 110 छात्र-छात्राओं को दिए गए सर्टिफिकेट






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** देश के प्रतिष्ठित टेक्सटाइल्स इंस्टीट्यूट निट्रा में शनिवार को 20वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन के निदेशक अशोक मल्होत्रा उपस्थित थे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट दिए। इस मौके पर निट्रा काउंसिल के चेयरमैन विदित जैन, डिप्टी चेयरमैन संदीप होरा एवं वाईस चेयरमैन नितिन नोलखा एवं निट्रा के महानिदेशक डॉ. एम. एस. परमार भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने दीप जलाकर दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया। दीक्षांत समारोह में कुल 110 छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

अपने स्वागत भाषण में महानिदेशक डॉ. एम. एस. परमार ने बताया कि संस्था नियमित एवं दूरस्थ शिक्षा मोड में कई उद्योग-उन्मुख कार्यक्रम चला रही है, जिनमें प्रमुख रूप से गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, मर्चेंडाइजिंग, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग और क्वालिटी एश्योरेंस जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक निट्रा ने 90 फुल टाइम बैचेस और 68 डिस्टेंस लर्निंग कोर्स संचालित किए हैं और 3,500 से अधिक छात्रों को प्रशिक्षण देकर देश की प्रमुख वस्त्र एवं परिधान निर्यात कंपनियों में सफलतापूर्वक नियुक्ति दिलाई है।

मुख्य अतिथि अशोक मल्होत्रा ने अपने दीक्षांत भाषण में कहा कि उच्च अमेरिकी शुल्कों के बावजूद भारत की वस्त्र उद्योग में वृद्धि आगे भी जारी रहेगी, क्योंकि सरकार वैकल्पिक बाजारों की तलाश में सक्रिय है और आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इस संभावित वृद्धि के मद्देनजर हर स्तर पर कुशल जनशक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने निट्रा के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि निट्रा प्रशिक्षित छात्र उद्योग में सफलतापूर्वक कार्यरत हैं।

निट्रा के अध्यक्ष विदित जैन ने कहा कि वस्त्र उद्योग भारत में कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता है और यह 45 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार देता है। उन्होंने सरकार द्वारा अमेरिकी शुल्कों के परिप्रेक्ष्य में उठाए गए सहयोगात्मक कदमों की जानकारी दी और कहा कि डिजिटल टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में प्रगति और स्वरोजगार के अवसर युवाओं के लिए निरंतर रोजगार की संभावनाएं प्रदान करते रहेंगे। डिप्टी चेयरमैन संदीप होरा ने कहा कि ये कार्यक्रम उद्योग में पहले से कार्यरत पेशेवरों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

वाईस चेयरमैन नितिन नौलखा ने यह उल्लेख किया कि शाही एक्सपोर्ट्स, ओरिएंट क्राफ्ट, ओरिएंट फैशन्स, पर्ल अपैरल्स, मराल ओवरसीज, ब्लैकबेरीज, इंटरटेक, एसजीएस जैसी अग्रणी टेक्सटाइल व गारमेंट निर्यात कंपनियां तथा परीक्षण प्रयोगशालाएं और खरीद एजेंसियां नियमित रूप से निट्रा छात्रों की भर्ती कर रही हैं। जो संस्था की गुणवत्ता का प्रमाण है।

समारोह का समापन मौके पर निट्रा के उपनिदेशक विवेक अग्रवाल अतिथियों का धन्यवाद किया।

# सूर्पनखा की नाक कटी, रावण ने छल से किया सीता का हरण




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम न्यायखंड 1 के सेंट्रल पार्क में जय बद्री केदार रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में अत्रिऋषि के आश्रम से लीला का शुभारंभ हुआ। राम, लक्ष्मण और सीता चित्रकूट से आगे निकल जाते हैं और अत्री ऋषि के आश्रम में पहुंचते हैं, जहां उनकी भेंट माता अनुसुया से होती है इसके बाद वे पंचवटी पहुंचते हैं, जहां सूर्पनखा पहुंचती है और राम और लक्ष्मण पर मोहित हो जाती है। वह उनसे विवाह करने की जिद करने लगती है, जिससे क्रोधित होकर लक्ष्मण उसकी नाक काट देता है। सूर्पनखा रोती बिलखती खर-दूषण के पास जाती है और उन्हें सारा हाल बताती है। खर-दूषण पंचवटी जाते हैं और राम के द्वारा मारे जाते हैं।

सूर्पनखा लंका पति रावण के पास जाती है और सारा हाल बताती है। रावण खर-दूषण के मारे जाने का समाचार सुनने के बाद सोचता है कि यदि राम विष्णु अवतार है तो वह उसके हाथों मरकर मुक्ति पा लेगा और यदि साधारण मानव है तो वह मारा जाएगा। इसलिए वह राम से वैर बढ़ाता है और मामा मारीच की सहायता से खुद छल कपट कर साधू का रूप धारण कर पंचवटी जाता है और माता सीता का हरण कर लेता है।

इस अवसर पर संरक्षक व पूर्व पार्षद मीना भंडारी, अध्यक्ष बलदेव भंडारी, उपाध्यक्ष एचएस बुटोला, दिलवर कठेत, भगवती पंवार, लक्ष्मी बिष्ट, सलाहकार सुरेंद्र सिंह नेगी, अधिवक्ता शैलेन्द्र सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष मान सिंह रावत, सचिव शंभु नैलवाल, जगदीश रावत, सांस्कृतिक अध्यक्ष ममता बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# श्री अद्वैत परिवार फाउंडेशन का स्थापना दिवस और पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा धूमधाम से मनाया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री अद्वैत परिवार फाउंडेशन के परिसर में शनिवार को श्री अद्वैत परिवार फाउंडेशन का 15 वा स्थापना दिवस और प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यसभा सदस्य और एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर अनिल अग्रवाल, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक संजीव शर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी देवेंद्र हितकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉक्टर अनिल अग्रवाल ने संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। अति विशिष्ट अतिथि विधायक संजीव शर्मा ने दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा वेस्ट मटेरियल से बनाए सामान को खरीदा और बच्चों एवं शिक्षकों के प्रयास की सराहना की।



## न्यूज डायरी

### फ्रांस से ब्रिटेन जाने की कोशिश कर रहीं दो महिलाओं की मौत

**फ्रांस।** फ्रांस से ब्रिटेन जाने की कोशिश कर रही दो महिलाओं की शनिवार सुबह नाव हादसे में मौत हो गई। यह नाव 60 से ज्यादा प्रवासियों को लेकर इंग्लिश चैनल पार कर रही थी। फ्रांसीसी प्रशासन ने बताया कि दोनों महिलाओं को बचाया नहीं जा सका। इस दौरान कई प्रवासियों को हाइपोथर्मिया की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल अब तक 17 प्रवासियों की मौत हो चुकी है। हाल ही में ब्रिटेन और फ्रांस ने अवैध प्रवासन रोकने के लिए वन इन, वन आउट कार्यक्रम शुरू किया है।

### चीन में 5.6 तीव्रता का भूकंप, 11 घायल

**बीजिंग।** शनिवार सुबह चीन के गांसू प्रांत में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कई घर ढह गए और 11 लोग घायल हो गए। सरकारी मीडिया के अनुसार, झांगशियन और लोंग्शी काउंटी में करीब 7,800 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। भूकंप का केंद्र लानझोउ से 140 किमी दूर था। 3,500 से ज्यादा मकानों को नुकसान पहुंचा है। बचावकर्मी मलबा हटाने में जुटे हैं और प्रभावित इलाकों में यातायात धीरे-धीरे बहाल किया जा रहा है।

### ओबामा-क्लिंटन के वकील बार्नेट का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बराक ओबामा और मिशेल ओबामा, हिलेरी क्लिंटन समेत दर्जनों नेताओं का प्रतिनिधित्व कर चुके वाशिंगटन के एक प्रभावशाली वकील रॉबर्ट बी. बार्नेट का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बार्नेट की कार्यकारी सहायक एश्ले डफी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात उनका निधन हो गया। बार्नेट उच्चस्तरीय लॉ फर्म विलियम्स एंड कोनोली में साझेदार थे और 20 से अधिक वर्षों तक वाशिंगटन के अभिजात वर्ग और न्यूयॉर्क के प्रकाशकों के बीच मध्यस्थ के रूप में उनकी हैसियत के आसपास भी कोई नहीं पहुंचा। 1990 के दशक की शुरूआत से ओबामा प्रशासन के अंत तक, 2017 में बार्नेट ने लगातार तीन राष्ट्रपतियों और प्रथम महिलाओं - क्लिंटन, जॉर्ज डब्ल्यू और लॉरा बुश और ओबामा और शेष ए-सूची के अधिकांश राजनीतिक खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व किया।

भारतीय राजदूत ने कनाडा के गवर्नर जनरल को परिचय पत्र प्रस्तुत किए
कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त दिनेश पटनायक ने कनाडा की गवर्नर जनरल मैरी साइमन को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। कनाडा स्थित भारतीय मिशन ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पटनायक 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं। वे इससे पहले स्पेन में भारत के राजदूत रह चुके हैं।
बता दें कि बीते महीने, भारत और कनाडा ने दोनों देशों में अपने राजदूत नियुक्त किए थे। 2023 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा निज्जर की हत्या में भारत का हाथ होने के आरोपों के बाद भारत-कनाडा संबंध चरमरा गए।

### खैबर पख्तूनख्वा में दुर्घटना, एक ही परिवार के 11 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** बचाव अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के 11 सदस्यों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यह हादसा डेरा इस्माइल खान जिले में एक वाहन के ब्रेक फेल हो जाने से हुआ। वाहन झोब जिले से डेरा इस्माइल खान जा रहा था। घटनास्थल से सात शव बरामद हुए हैं, जिनमें पांच महिलाएं, एक पुरुष और एक बच्चा शामिल है। तीन घायल अस्पताल भेजे गए।

### माइक्रोसॉफ्ट ने इस्राइल में घटाई क्लाउड और एआई उत्पादों की सेवा

**वाशिंगटन।** माइक्रोसॉफ्ट ने इस्राइली सेना की एक यूनिट को अपनी कुछ सेवाएं देनी बंद कर दी हैं। कंपनी ने दावा किया है कि इस्राली सेना उसकी क्लाउड कंप्यूटिंग और एआई का इस्तेमाल गाजा में फलस्तीनियों के सर्विलांस के लिए कर कर रहा था। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा, इस्राइल गाजा में कई बार हमले करने के लिए उसकी तकनीक का इस्तेमाल करता है ऐसे में इन सेवाओं पर रोक लगा देना जरूरी है। अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ ने कहा, सेवाओं के नियमों के लिए ही यह कदम उठाया गया है।

### नेपाल में सुरक्षाबलों की गोलियों से मारे गए थे 33 लोग

**काठमांडू।** नेपाल में इस महीने हुए भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों पर बड़ा खुलासा हुआ है। त्रिभुवन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिन की फॉरेंसिक रिपोर्ट में पता चला कि 33 प्रदर्शनकारियों की मौत गोली लगने से हुई थी, जो घातक हथियारों से चलाई गई थीं। यह पहला आधिकारिक प्रमाण है कि सुरक्षाबलों ने प्रदर्शनकारियों पर असली गोलियों का इस्तेमाल किया था। संस्थान के महाराजगंज मेडिकल कैंपस में 47 शवों का पोस्टमार्टम हुआ। फॉरेंसिक विभाग के सदस्य ने बताया कि 34 शवों में गोलियों के जख्म पाए गए। इनमें 10 को सिर में, 18 को सीने में, चार को पेट में और दो को गले में गोली लगी थी। केवल एक व्यक्ति को रबर बुलेट लगी थी। हिंसक प्रदर्शनों में 74 लोगों की मौत हुई थी।

### भारतीय कारोबारी का सिंगापुर से सीमा पार सहयोग का आह्वान

**नई दिल्ली।** सिंगापुर स्थित भारतीय कारोबारी ने दुनिया में सीमा पार सहयोग और मूल्यों, दूरदर्शिता एवं जिम्मेदारी के नेतृत्व का आह्वान किया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के सिंगापुर चैप्टर की चेयरपर्सन अनुराधा श्रॉफ ने कहा, हम बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं जो प्रौद्योगिकी परिवर्तन, स्थिरता की अनिवार्यताओं, नई भू-राजनीतिक वास्तविकताओं, बदलती जनसांख्यिकी के आह्वान से प्रेरित है। उन्होंने ह्यबिजनेस लीडर्स फोरम 2.0ह्व में 150 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंट को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि इसके लिए केवल बदलाव ही काफी नहीं है। एक पेशेवर के तौर पर एक संगठन के तौर पर और एक वैश्विक समुदाय के तौर पर हमारी प्रतिक्रिया असल में मायने रखती है। इस मंच के माध्यम से हमारा लक्ष्य बदलाव की वास्तविक कहानियों को सामने लाना, दुनियाभर की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है। साथ ही क्षेत्रों एवं सीमाओं से परे में नेतृत्व को मजबूत करना और चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं पेशेवरों को रणनीतिक सलाहकार, नवाचार समर्थक आदि बनने के लिए सशक्त बनाना है।

### सिंगापुर : मस्जिद में अपवित्र मांस का पार्सल आने से तनाव

**सिंगापुर।** सिंगापुर के सेरांगून आवासीय परिसर की अल-इस्तिकामा मस्जिद को मिले एक पार्सल में अपवित्र मांस पाए जाने से तनाव है। इसके सूअर का मांस होने का संदेह है। गृह मंत्री के. षणमुगम ने कहा, यह कृत्य बहुजातीय समुदाय में आग से खेलने के समान है। चैनल न्यूज एशिया ने मंत्री के हवाले से कहा कि यह कोई अकेली घटना नहीं है, हाल ही में अन्य मस्जिदों में भी मांस भेजे जाने के ऐसे ही और मामले सामने आए हैं, जिनकी पुलिस जांच कर रही है। राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वय मंत्री षणमुगम ने कहा, अगर यह सूअर का मांस है और इसे मस्जिद में भेजा गया है तो यह काफी बुरा कृत्य है। वह बोले, मकसद चाहे जो भी हो, लेकिन यह आग से खेलने जैसा है।

### तिब्बती कार्यकताओं ने चीन को तिब्बत से बाहर करने के लिए यूएन के बाहर किया प्रदर्शन

**तिब्बती।** तिब्बती कार्यकताओं ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने चीन के खिलाफ नारे लगाए और तिब्बत की स्वतंत्रता के लिए वैश्विक समर्थन की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने 'तिब्बत को आजाद करो, चीन को बाहर करो, चीन अब तिब्बत से बाहर हो' जैसे नारे लगाए। समूह की ओर से बोलते हुए न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के क्षेत्रीय तिब्बती युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष ताशी टुंडुप ने कहा, 'हम यहां संयुक्त राष्ट्र प्रतिनिधियों और विश्व नेताओं से अपील करने आए हैं कि वे तिब्बत का समर्थन करें, तिब्बत की स्वतंत्रता का समर्थन करें।' यह विरोध प्रदर्शन संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र के साथ-साथ हुआ, जहां विश्व के नेता महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिए एकत्रित हुए थे। यूएनजीए के चौथे दिन, चीन के राज्य परिषद के प्रधानमंत्री ली कियांग ने सभा को संबोधित किया। ली ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ओर से बात की, जो इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए थे।

### सूडान में युद्ध समाप्ति के प्रयास में जुटे कई प्रभावशाली देशों के नेता

**सूडान।** सूडान में चल रहे संघर्ष पर अंतरराष्ट्रीय संकट समूह के परियोजना निदेशक एलन बॉस्वेल ने कहा कि सूडान में चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए प्रमुख देश और क्षेत्रीय संगठन लगातार प्रयास में लगे हैं। इस वर्ष की उच्च स्तरीय महासभा बैठक में कहा, सोमवार को खत्म होने वाली इस साल की उच्च स्तरीय महासभा की बैठक इस संघर्ष को रोकने के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। युद्ध शुरू हुए दो साल से अधिक का समय हो गया है।

# जी-4 देशों ने यूएनएससी में सुधार की दोहराई मांग

# विकासशील देशों की बड़ी भागीदारी पर भी दिया जोर

**यूएन।** भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र के दौरान मुलाकात कर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की तत्काल जरूरत पर जोर दिया। इस बैठक में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, जर्मनी के फेडरल विदेश मंत्री डॉ. जोहान वेडफुल और जापान के विदेश मंत्री इवाया ताकेशी शामिल हुए।



### 'लगातार अस्थिर हो रही है अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था'

जी-4 देशों ने कहा कि मौजूदा समय में अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था लगातार अस्थिर हो रही है और यूएनएससी अपने दायित्वों को ठीक से निभाने में नाकाम साबित हो रही है। ऐसे में सुरक्षा परिषद में सुधार बेहद जरूरी है ताकि यह मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों को सही ढंग से दर्शा सके और अधिक प्रतिनिधित्व, वैधता और प्रभावशीलता सुनिश्चित कर सके।

### 'एक-दूसरे के स्थायी सदस्य बनने की उम्मीदवारी का करेंगे समर्थन'

इस मुलाकात में यह भी तय हुआ कि जी4 देश एक-दूसरे के स्थायी सदस्य बनने की उम्मीदवारी का समर्थन करेंगे। साथ ही, ये देश अन्य समूहों के साथ मिलकर एक ठोस मॉडल तैयार करने के लिए काम करेंगे जिससे पाठ-आधारित वार्ता आगे बढ़ सके। मंत्रियों ने यह भी कहा कि यूएनएससी सुधार पर चर्चा सिर्फ इंटरगवर्नमेंटल नेगोशिएशंस (आईजीएन) तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे अन्य मंचों पर भी उठाया जाएगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से 80वें महासभा सत्र के दौरान इस मुद्दे पर सक्रिय भागीदारी की अपील की।

विदेश मंत्रियों ने साफ किया कि यूएनएससी का विस्तार स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में होना चाहिए। उन्होंने अफ्रीका, एशिया-प्रशांत, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन जैसे कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों को उचित जगह देने पर जोर दिया। चारों देशों ने अफ्रीकी देशों की संयुक्त मांग, जिसे इजुल्विनी कंसेंसस और सिर्टे घोषणा में दर्ज किया गया है, के प्रति अपना मजबूत समर्थन दोहराया।

## लिंग विविधता पर शिक्षा फंडिंग रोकने की धमकी

## ट्रंप प्रशासन के खिलाफ 16 राज्यों ने दायर किया मुकदमा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 16 राज्यों और डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया है। इन राज्यों का आरोप है कि स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (एचएचएस) ने यौन शिक्षा कार्यक्रमों से जेंडर विविधता से जुड़े विषयों को हटाने का दबाव डाला और ऐसा न करने पर फंडिंग रोकने की धमकी दी, जो संघीय कानून का उल्लंघन है। शुक्रवार को ओरेगन की संघीय अदालत में दाखिल की गई याचिका में कहा गया है कि विभाग का यह कदम पूरी तरह से जेंडर डाइवर्स और ट्रांसजेंडर युवाओं को शिक्षा से बाहर करने की कोशिश है। जनवरी में ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी सरकार लोगों को केवल पुरुष या महिला के रूप में मान्यता देने की दिशा में कदम उठा रही है।



### क्या है पूरा मामला?

एचएचएस चाहता है कि पर्सनल रिस्पॉन्सिबिलिटी एजुकेशन प्रोग्राम (पीआरईपी) और टाइटल वी सेक्सुअल रिस्क अवॉइडेंस एजुकेशन (एसआरएई) जैसे कार्यक्रमों में लिंग विचारधारा से जुड़े विषय न पढ़ाए जाएं। ये फंड मुख्य रूप से किशोरों को गर्भधारण रोकने और यौन संचारित रोगों (एसटीआई) की रोकथाम के लिए संयम और गर्भनिरोधक से संबंधित शिक्षा देने में उपयोग होते हैं।

वाशिंगटन के अटॉर्नी जनरल निक ब्राउन ने बताया कि उनके राज्य को यह कहकर धमकाया गया कि हाई स्कूल के पाठ्यक्रम से यह लाइन हटाई जाए। 'सभी यौन रुझानों और जेंडर पहचान वाले लोगों को गर्भधारण और एसटीआई रोकने के तरीकों की जानकारी होनी चाहिए, चाहे अपने लिए या किसी दोस्त की मदद के लिए।' वहीं मिनेसोटा के अटॉर्नी जनरल कीथ एलिसन ने कहा, 'यौन स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रमों से फंडिंग हटाने और ट्रांसजेंडर समुदाय को बाहर करने के बीच चुनाव करना बिल्कुल अस्वीकार्य है।'

### क्या है राज्यों का तर्क?

इस मामले में याचिकाकताओं का कहना है कि एचएचएस की यह शर्तें संघीय कानून, शक्तियों के विभाजन और कांग्रेस के अधिकारों का उल्लंघन हैं। अगर यह फंडिंग रोक दी गई तो 16 राज्यों को कम से कम 35 मिलियन डॉलर (करीब 290 करोड़ रुपये) का नुकसान होगा।

### इन राज्यों ने दायर किया मुकदमा

ओरेगन, वाशिंगटन और मिनेसोटा इस मुकदमे का नेतृत्व कर रहे हैं। इसमें बाकी कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, हवाई, इलिनॉय, मैसाचुसेट्स, मैरीलैंड, मेन, मिशिगन, न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, रोड आइलैंड और विस्कॉन्सिन, साथ ही डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया राज्य शामिल हैं। फिलहाल, एचएचएस की ओर से इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## बोइंग को मैक्स जेट विमानों को उड़ान के लिए प्रमाणित करने की फिर मिली अनुमति



**वाशिंगटन।** संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को बताया कि बोइंग को 737 मैक्स जेटलाइनरों का अंतिम सुरक्षा निरीक्षण करने और उन्हें उड़ान की मंजूरी देने की अनुमति फिर मिल गई है। यह मंजूरी नए मॉडल की उन दुर्घटनाओं के छह साल बाद आई है, जिसमें 346 लोग मारे गए थे।

एफएए ने कहा कि उसने बोइंग को 737 मैक्स और 787 ड्रीमलाइनर के उड़ान योग्यता प्रमाणपत्र जारी करने की अनुमति सोमवार से फिर से देने का फैसला किया है। यह निर्णय बोइंग के उत्पादन गुणवत्ता के 'पूरी तरह से समीक्षा' के बाद लिया गया। 2019 में, एफएए ने 737 मैक्स की मंजूरी पर पूरा नियंत्रण ले लिया था, जब दो दुर्घटनाओं में सॉफ्टवेयर समस्या के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए थे। 2022 में, ड्रीमलाइनर को स्व-प्रमाणित करने का बोइंग का अधिकार भी खत्म कर दिया गया था।

एफएए की घोषणा के साथ ही बोइंग के शेयर 4 फीसदी बढ़े

अब आगे, बोइंग और एफएए के निरीक्षक हफ्ते में बारी-बारी से सुरक्षा जांच करेंगे। एफएए ने कहा कि इससे उनके अन्य निरीक्षकों को उत्पादन लाइन पर 'सख्त' गुणवत्ता जांच करने का समय मिलेगा। एफएए की घोषणा के साथ ही बोइंग का शेयर 4 फीसदी बढ़ गया। इसी समय, बोइंग ने विदेशी एयरलाइनों से नए ऑर्डर भी हासिल किए।

तुर्किये की प्रमुख एयरलाइन, टर्किश एयरलाइंस ने शुक्रवार को कहा कि वह 75 ड्रीमलाइनर खरीदने की योजना बना रही है और भविष्य में 150 मैक्स विमान और खरीदने का इरादा रखती है। इसके अलावा, नॉर्वेजियन ग्रुप ने भी 30 बोइंग 737 मैक्स 8 विमानों का ऑर्डर दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर की दहशतः लश्कर भी अफगान सीमा पर बना रहा ठिकाना; जैश पहले ही पीओके और पंजाब से बना चुका है दूरी




**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के डर से पाकिस्तान के आतंकी संगठन अब पीओके से दूर अफगानिस्तान सीमा के निकट अपने ठिकाने बनाने में जुटे हैं। पिछले दिनों अमर उजाला ने जैश-ए-मोहम्मद और हिज्बुल मुजाहिदीन के ठिकाने खैबर पख्तूनख्वा में शिफ्ट किए जाने की खबर छापी थी।

अब लश्कर-ए-तैयबा भी अपना नया ठिकाना अफगान सीमा से 47 किलोमीटर दूर लोअर दीर जिले के कुंभन मैदान इलाके में बना रहा है। साफ है कि यह कदम भविष्य में भारत के संभावित हमले से बचने के लिए उठाया गया है। आतंकियों की नजर में अब पीओके असुरक्षित है इसलिए वो भारत से सटे इलाकों से दूर जाना चाहते हैं। खैबर पख्तूनख्वा में ठिकाने बनाने के पीछे आतंकवादियों का मकसद यह है कि यहां के पहाड़ी इलाके में उन्हें छुपने की बेहतर जगह मिल जाती है।

सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि लश्कर के नए ठिकाने का नाम मरकज जिहाद-ए-अक्सा रखा गया है। इस केंद्र का निर्माण कार्य जुलाई में शुरू हुआ। तस्वीरों से पता चलता है कि यहां मजदूरों की आवाजाही लगातार हो रही है। भवन का पहला तल बनाने का काम जारी है। जानकारी के मुताबिक यह केंद्र लश्कर की हाल ही में निर्मित जामिया अहले सुन्ना मस्जिद के पास खाली पड़ी जमीन पर बनाया जा रहा है। जमीन का कुल क्षेत्रफल 4,643 वर्ग फीट है। यह कदम धार्मिक संस्थानों की आड़ में आतंकी ढांचे बनाने की लश्कर की नीति के अनुरूप है।

## न्यूयॉर्क में अवामी लीग समर्थकों का प्रदर्शन, मोहम्मद यूनुस को बताया अवैध शासक, पाकिस्तान जाने की नसीहत

**यूएन।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के संबोधन के दौरान न्यूयॉर्क की सड़कों पर अवामी लीग समर्थकों और प्रवासी बांग्लादेशियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मोहम्मद युनुस बांग्लादेश को अर्ध-तालिबानी देश में बदल रहे हैं। वे बांग्लादेश में तालिबानी एजेंडे के तहत काम कर रहे हैं।

इस दौरान यूएस अवामी लीग के अध्यक्ष डॉ. सिद्दीकुर रहमान ने भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमने यह प्रदर्शन अवैध और असांविधानिक अंतरिम सरकार प्रमुख डॉ. यूनुस के खिलाफ आयोजित किया है। देश में कानून-व्यवस्था खत्म हो चुकी है। वह बांग्लादेश के नहीं, बल्कि पाकिस्तान से ताल्लुक रखते हैं और उन्हें पाकिस्तान लौट जाना चाहिए।




### बांग्लादेश को तालिबानी रास्ते पर ले जा रहे यूनुस

एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'इस रैली का उद्देश्य बहुत सीधा है। धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई शेख हसीना की सरकार को 5 अगस्त 2024 को अवैध रूप से अपदस्थ कर दिया गया। तब से यूनुस, इस्लामिक ताकतों और आतंकी संगठनों की मिलीभगत से बांग्लादेश को व्यवस्थित ढंग से तालिबानी रास्ते पर ले जा रहे हैं।'

### यूनुस को सत्ता छोड़नी चाहिए और चुनाव कराना चाहिए

एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा, 'अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के सुरक्षा कारणों से देश छोड़ने के बाद यूनुस ने देश पर कब्जा कर लिया और तब से अल्पसंख्यकों, हिंदुओं और अन्य धर्मों के लोगों की हत्या की जा रही है। लाखों लोगों को अपना देश छोड़ना पड़ा, खासकर हिंदुओं को... बांग्लादेश में यह एक विकट स्थिति है। यही कारण है कि लोग यहां केवल विरोध करने आए हैं और यूनुस को सत्ता छोड़नी चाहिए और चुनाव कराना चाहिए।'

एक अन्य प्रदर्शनकारी ने आरोप लगाया कि यूनुस बांग्लादेश को एक तालिबानी और आतंकवादी देश बना रहे हैं और हिंदुओं, बौद्धों, ईसाइयों और सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों पर अत्याचार कर रहे हैं। उन्होंने धार्मिक पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग की। साथ ही कहा कि डॉ. यूनुस ने उन्हें गैरकानूनी रूप से जेल में रखा है।

### यूनुस ने 80वें सत्र के चौथे दिन किया संबोधन

इस बीच, मोहम्मद यूनुस ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (वठऋअ) के 80वें सत्र के चौथे दिन संबोधन किया। यह उनका दूसरा भाषण था, जब से पिछले साल जेन-जी के नेतृत्व वाले आंदोलन ने शेख हसीना के 15 साल लंबे शासन को उखाड़ फेंका था।

### यूनुस ने भारत पर हसीना को शरण देने का लगाया आरोप

इस दौरान यूनुस ने भारत पर आरोप लगाया कि उसने शेख हसीना को शरण दी है, जिससे द्विपक्षीय रिश्ते तनावपूर्ण हो गए हैं। भारत पहले ही बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर चिंता जता चुका है। यूनुस ने हसीना पर छात्र आंदोलनों को दबाने और अपराधों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उनके प्रत्यर्पण की मांग की।

यूनुस ने महासभा को संबोधित करते हुए कहा, 'पिछले साल मैंने इस मंच से उस देश की बात की थी, जिसने अभी-अभी जनविद्रोह देखा था। आज मैं यहां खड़ा हूं यह बताने के लिए कि हमने उस सफर में कितनी दूरी तय की है।'

## एफबीआई की बड़ी कार्रवाई, नस्लीय न्याय आंदोलन में हिस्सा लेने वाले अपने 20 एजेंटों को नौकरी से निकाला

**वाशिंगटन।** अमेरिका की प्रमुख जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने नस्लीय न्याय आंदोलन में भाग लेने वाले एजेंटों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत एफबीआई ने लगभग 20 ऐसे एजेंटों को नौकरी से निकाल दिया है, जो 2020 में जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद वॉशिंगटन में हुए नस्लीय न्याय आंदोलन के दौरान प्रदर्शन में घुटनों पर बैठे दिखाई दिए थे। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया कि नाम ना बताने के शर्त पर इस बात की जानकारी तीन ऐसे अधिकारियों ने दी है जो इस मामले से जुड़े हैं।

सूत्रों के अनुसार, इन एजेंटों को पहले अस्थायी रूप से अन्य विभागों में भेजा गया था, लेकिन पिछले कुछ समय में उन्हें पूरी तरह से निकाल दिया गया। बताया जा रहा है कि करीब 20 एजेंटों को नौकरी से निकाला गया है।




### जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद हुआ था आंदोलन

बता दें कि इस पूरे मामले की शुरूआत 2020 में हुई, जब मिनियापोलिस में पुलिस हिरासत में जॉर्ज फ्लॉयड की मौत हुई। इस घटना के बाद अमेरिका और दुनियाभर में नस्लीय भेदभाव और पुलिस हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे। ऐसे ही एक प्रदर्शन में कुछ एफबीआई एजेंट एकजुटता दिखाने के लिए घुटनों पर बैठे, जिसकी तस्वीरें सामने आई थीं। हालांकि एफबीआई के इस कदम के बारे में एफबीआई के प्रवक्ता ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

### कई वरिष्ठ अधिकारियों की भी हुई थी छुट्टी

दूसरी ओर यह फैसला एफबीआई डायरेक्टर कश पटेल द्वारा एजेंसी में किए जा रहे बड़े बदलावों के तहत लिया गया है। हाल ही में चार वरिष्ठ एजेंटों और अधिकारियों को भी अचानक हटा दिया गया, जिससे एफबीआई के अंदर कर्मचारियों का मनोबल गिरने की बात कही जा रही है। इनमें से एक, स्टीव जेनसन, कैपिटल हिल पर 6 जनवरी 2021 को हुए हमले की जांच में शामिल थे। दूसरे अधिकारी, ब्रायन ड्रिस्कोल, ट्रंप प्रशासन की शुरूआत में कार्यकारी एफबीआई निदेशक रहे और उन्होंने उन एजेंटों के नाम देने से इनकार किया जो 6 जनवरी की जांच में शामिल थे। तीसरे अधिकारी, क्रिस मेयर, जिनके बारे में सोशल मीडिया पर गलत अफवाह थी कि उन्होंने ट्रंप के मार-ए-लागो स्थित घर से जुड़े गोपनीय दस्तावेजों की जांच की थी। चौथे अधिकारी, वाल्टर जियार्डिना ने ट्रंप के सलाहकार पीटर नवैरो के खिलाफ हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच की थी।

### निकाले गए अधिकारियों ने दायर किया था मुकदमा

गौरतलब है कि ऐसे घटनाक्रम में निकाले गए तीन वरिष्ठ एजेंटो, जेनसन, ड्रिस्कोल और स्पेंसर इवांस ने सरकार पर मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि डायरेक्टर पटेल ने खुद कहा था कि एजेंटों को उनके केस वर्क के आधार पर निकालना संविधान के खिलाफ हो सकता है, लेकिन व्हाइट हाउस और न्याय विभाग का दबाव था, इसलिए वो इसे रोक नहीं सके। हालांकि, पटेल ने हाल ही में कांग्रेस में शपथ लेकर कहा कि उन्होंने किसी को व्हाइट हाउस से आदेश नहीं लिए और जो भी एजेंट निकाले गए, वो एफबीआई के मानकों पर खरे नहीं उतरे।

# पंचतत्व में विलीन हुए वरिष्ठ अधिवक्ता-समाजसेवी फतेह चंद गोयल





गाजियाबाद करंट क्राइम। वैश्य समाज में एक प्रतिष्ठित मुकाम हासिल करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता तथा समाज सेवी फतेह चंद गोयल का शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही समाज में शोक की लहर व्याप्त हो गई और लोग शोक व्यक्त करने के लिए उनके लोहिया नगर स्थित आवास पर पहुंचे। फतेह चंद गोयल की अंतिम यात्रा उनके लोहिया नगर स्थित आवास से शुरू हुई। हिंडन मोक्ष स्थल पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। समाज के सभी वर्गों के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर स्वर्गीय फतेह चंद गोयल को श्रद्धासुमन अर्पित किये और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

# कैकेयी-मंथरा संवाद, कोप भवन और दशरथ-कैकेयी संवाद का मंचन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति रामलीला के आठवें दिन शनिवार की संध्या को कैकेयी-मंथरा संवाद, कोप भवन और दशरथ-कैकेयी संवाद जैसे हृदयस्पर्शी प्रसंगों का मंचन हुआ।

मंचन की शुरूआत मंथरा के कपटी संवादों से हुई, जिनके प्रभाव में आकर महारानी कैकेयी ने श्रीराम के वनवास और भरत के राजतिलक की दो वरदान मांग लीं। इसके बाद कोप भवन का भावपूर्ण दृश्य प्रस्तुत हुआ, जिसमें महाराज दशरथ ने कैकेयी को मनाने का भरसक प्रयास किया, परंतु कैकेयी अपने वरदान पर अडिग रहीं। दशरथ और कैकेयी संवाद का मंचन इतना मार्मिक था कि दर्शकगण भावुक होकर स्तब्ध रह गए। कलाकारों की सजीव अदायगी, संवाद की तीव्रता और मंच सज्जा ने इस प्रसंग को अविस्मरणीय बना दिया।

समिति के चेयरमैन नरेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि यह प्रसंग हमें लोभ, कपट और अहंकार के दुष्परिणाम से सावधान करता है और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। समिति के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी इस आयोजन में सक्रिय योगदान दिया। कल रविवार नौवें दिन राम वनगमन और राम-भरत मिलाप के हृदयस्पर्शी प्रसंगों का मंचन होगा।

# सपनावत के मां वैष्णो धाम में हुआ माता की चौकी का आयोजन

## प्रत्येक वर्ष नवरात्रों में मंदिर सेवा समिति की ओर से करायी जाती है माता की चौकी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हापुड़ जिले के सपनावत में स्थित माँ वैष्णो धाम मंदिर में प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्रों में माता रानी की चौकी का भव्य आयोजन कराया गया है।

शनिवार शाम को 6 बजे माता रानी की ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। इस आयोजन में मुरलीवाला डेकोरेटर के द्वारा माता रानी का भव्य दरबार सजाया गया। तथा प्रसिद्ध भजन गायक दीपक राणा, विवेक दुबे और भावना शर्मा ने माता रानी के भजन गाते हुए श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर माँ वैष्णो धाम का प्रांगण माता रानी के भक्तों से खचाखच भरा रहा। तथा दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र से आये श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया। इन दिनों माँ वैष्णो धाम मंदिर में मेले की रौनक अपने चरम पर है। और भक्तों की अपार भीड़ रोजाना मंदिर में माता रानी के दर्शन के लिए आ रही है। माँ वैष्णो धाम की स्थापना 16 फरवरी 2011 को समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता के माता पिता के द्वारा की गई थी। और 28 अगस्त 2017 को कटरा से ज्योति लाकर अनेक साधु संतों के सानिध्य में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। माता रानी की चौकी में मुख्य रूप से संजीव कुमार गुप्ता, रश्मि गुप्ता, राजीव गुप्ता, सीमा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, सुरभि गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, तुषार गुप्ता, तनुज गुप्ता, तास्विक गुप्ता, टियारा गुप्ता, इवान गुप्ता, सुबोध गुप्ता, राकेश गोयल, मुकेश सिंघल, प्रदीप गुप्ता, उमेश गर्ग, रोहित गोयल, प्रिंस गुप्ता, विकास गुप्ता, ताराचंद गुप्ता, तरूण ढिंगरा आदि सम्मलित रहे।

# नीतिखंड जैन मंदिर में मिशन शक्ति के तहत आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**- एडिशनल कमिश्नर प्रियांशी पॉल ने विशेष रूप से उपस्थित होकर महिला आत्मरक्षा तथा साइबर क्राइम से बचाव से जुड़ी अहम जानकारियाँ साझा कीं**





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम नीति खंड 1 स्थित श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मिशन शक्ति के अंतर्गत गाज़ियाबाद पुलिस एवं कवच-सेल्फ डिफेंस संस्था द्वारा एक दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन हुआ। महिलाओं, पुरुषों, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकें सीखीं। कवच सेल्फ डिफेंस के कोच वरुण रावत, दिव्या एवं उनकी टीम ने बिना अधिक बल व शारीरिक क्षमता के आत्मरक्षा करने की सरल व प्रभावी तकनीकें सिखाईं।

कार्यक्रम में एडिशनल कमिश्नर प्रियांशी पॉल ने विशेष रूप से उपस्थित होकर महिला आत्मरक्षा तथा साइबर क्राइम से बचाव से जुड़ी अहम जानकारियाँ साझा कीं। महिला सब-इंस्पेक्टर पारुल सहित अन्य महिला अधिकारियों ने भी प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कार्यक्रम के समापन पर एसीपी प्रियांशी पॉल एवं पार्षद प्रीति जैन ने सभी प्रतिभागियों को गाज़ियाबाद पुलिस एवं कवच-सेल्फ डिफेंस द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने का सर्टिफिकेट अपने हाथों से प्रदान किया। सभी प्रतिभागियों ने माना कि आधुनिक समय में आत्मरक्षा की तकनीकी जानकारी हर महिला, पुरुष, बच्चे व बुजुर्ग के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के अंत में गाज़ियाबाद पुलिस, कवच-सेल्फ डिफेंस संस्था, पार्षद प्रीति जैन और पूर्व पार्षद अभिनव जैन का आभार व्यक्त किया गया।

# राजनगर रामलीला में शबरी उद्धार और बाली वध समेत कई प्रसंगों का मनमोहक मंचन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री रामलीला समिति राजनगर में रामलीला मंचन में वनवास काल के दौरान श्री राम अपने छोटे भाई लक्ष्मण और पत्नी सीता के साथ वन-वन विचरण कर रहे हैं। वन में घायल जटायु द्वारा सीता माता की खबर देना, श्री राम के द्वारा शबरी के झूठे बेर खाना, हनुमान जी की प्रभु राम से भेंट, सुग्रीव के साथ मैत्री तथा बाली वध आदि प्रसंगों को प्रस्तुत किया गया। राजनगर की रामलीला मंचन के दौरान श्री राम अपने भाई लक्ष्मण के साथ पत्नी सीता की तलाश कर रहे हैं। तब रास्ते में उन्हें एक विशालकाय पक्षी जटायु घायल अवस्था में मिलता है। जो उन्हें माता सीता की खबर बताता है। श्री राम उसका उद्धार करते हुए जीवन से मुक्त कर देते हैं।

इसके बाद वह सीता की तलाश करते हुए शबरी की कुटिया के पास पहुंचते हैं, जहां शबरी उनका आदर सत्कार करके उन्हें आगे का मार्ग बताती है। शबरी श्री राम को बेर खाने को देती है लेकिन राम को बेर देने से पहले वह हर बेर को चख कर झूठा कर देती हैं जिसे देखकर लक्ष्मण को क्रोध आता हैं लेकिन राम चुपचाप बेर खा रहें है। शबरी हर बेर को इसलिए चखती हैं ताकि कोई खट्टा बेर राम न खा लें। बाद में श्री राम उसका भी उद्धार करते हैं। शबरी द्वारा बताए गए मार्ग पर आगे बढ़ते हुए वह सीता की तलाश में जुट जाते हैं। इसी दौरान वन में उनकी भेंट हनुमान जी से होती हैं। इसके बाद श्री राम सुग्रीव से मित्रता करते हैं तथा बाली की वध करते है।

इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, मुख्य संयोजक राकेश मिश्रा, अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल, मुख्य सलाहकार सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बड़ा कदम

# राजनगर एक्सटेंशन में रुकी हुई सड़कों का काम शुरू, 60 मीटर की होगी आउटर रिंग रोड





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन की एक बड़ी आबादी को जाम से मुक्ति दिलाने की दिशा में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने तेजी दिखाई है। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा की गई समीक्षा बैठक के बाद रुकी हुई कई प्रमुख सड़कों पर काम शुरू करा दिया गया है और कई बड़ी परियोजनाओं को गति मिली है।

**किसानों की सहमति के बाद शुरू हुआ 30 मीटर सड़क का काम :** अग्रवाल हाइट से भट्टा नंबर 5: ग्राम मोरटी के खसरा संख्या 98 की अर्जित भूमि पर 30 मीटर चौड़ी सड़क के लिए मिट्टी भराई का काम शुरू कर दिया गया है। यह काम किसानों से सहमति प्राप्त होने के बाद शुरू हुआ। लगभग 700 मीटर हिस्से में किसानों के मतभेद के चलते यह कार्य लंबे समय से रुका हुआ था। यह सड़क बनने से आसपास की सोसाइटियों के आवंटियों को सीधा लाभ मिलेगा।

**अधिकारियों ने लिया जायजा:** जीडीए के प्रभारी मुख्य अभियंता और अन्य अधिकारियों ने स्वयं कार्य स्थल का निरीक्षण किया।

**बड़ी परियोजनाओं को मिली गति :** आउटर रिंग रोड अब 60 मीटर चौड़ी: राजनगर एक्सटेंशन की लाइफ लाइन माने जाने वाली आउटर रिंग रोड को अब 45 मीटर के स्थान पर 60 मीटर चौड़ा किए जाने का सर्वे कार्य पूरा हो गया है। भूमि अर्जन का कार्य पूरा होते ही इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

**हम तुम रोड का चौड़ीकरण:** हम तुम रोड के चौड़ीकरण का कार्य अतिशीघ्र आरंभ किया जाएगा। इसके लिए भूमि अर्जन/क्रय का कार्य तीव्र गति से चल रहा है।

**श्रीराम हाइट से भट्टा नंबर 5:** श्रीराम हाइट सोसाइटी से भट्टा नंबर 5 को जोड़ने वाली 45 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण के लिए निविदा प्राप्त हो चुकी है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू होगा, जिससे निवासियों को भट्टा नंबर 5 से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी।

### प्रगति पर हैं ये महत्वपूर्ण कार्यः

**बंधा रोड से नूर नगर (18 मीटर):** मिट्टी भराई एवं सीवर लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया है।
**रिवर हाइट से नूर नगर (24 मीटर):** मिट्टी भराई एवं सीवर लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है।
**सिकरोड से मेरठ रोड (मुख्य मार्ग):** अवशेष 900 मीटर लंबाई में कार्य का शुभारंभ माननीय विधायक द्वारा नारियल तोड़ कर करा दिया गया है।
**कमिश्नरेट ऑफिस वाली 24 मीटर सड़क:** हिमालयन सोसाइटी के पीछे स्थित इस सड़क पर आ रही बाधा को अतिशीघ्र दूर कर लिया जाएगा।

### राजनगर एक्सटेंशन के कार्यों में शामिल हैं:

सोना पैलेस से आशियाना चौक होते हुए गुलमोहर गार्डन के पीछे वाला गेट तक 45 मीटर चौड़ी सड़क। जीडी गोयनका स्कूल के सामने स्टेडियम को जाने वाली 45 मीटर चौड़ी सड़क। मुख्य बंधा रोड (अजनारा इंटीग्रीटी से अजनारा फ्रेग्रेन्सी तक) 45 मीटर चौड़ी सड़क। गोल चक्कर चौराहे से अग्रवाल हाइट के आगे तक 30 मीटर चौड़ी सड़क। इन सभी कार्यों के लिए व्ययनुमान गठित कर नगरीय अवस्थापना मद से प्रशासनिक स्वीकृति उपरांत निविदा मांग कर कार्य कराया जाना है। जीडीए का मानना है कि इन तमाम कार्यों के पूर्ण होने के बाद राजनगर एक्सटेंशन की एक बड़ी आबादी को यातायात जाम से स्थाई मुक्ति मिल सकेगी।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

Himanshulove Sharma is with Aanchal Sharma.
9h ·
दादी आंचल लव पोता अगस्त्य वशिष्ठ



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने परिवार की एक फोटो को साझा किया। एक ऐसी तस्वीर जिसमें दादी और पोते का स्नेह है। शब्द नहीं है और यहां चेहरे के भाव में रिश्ते की उष्मा है, स्नेह है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने पौत्र अगस्त्य वशिष्ठ और उनकी दादी आंचल लव के इस फोटो को अपनी फेसबुक पोस्ट बनाया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।